

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शुक्रवार, 14 जून 2024 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-077 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 15 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### पूर्व विधायक के बंगले में तैनात आरक्षक ने लगाई फांसी

**कोंडागांव,14 जून।** पूर्व विधायक मोहन मरकाम के बंगले में तैनात आरक्षक सम्पत मंडावी (पिता सुखधर मंडावी, निवासी भानपुरी) ने बुधवार को ग्राम लंजोड़ा बुकापारा के नदी किनारे पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नदी किनारे गाय-बैल चरा रहे ग्रामीण ने फांसी के फंदे पर लटके युवक की लाश देखकर तुरंत सरपंच और अन्य ग्रामीणों को सूचना दी। सरपंच ने तत्काल घटना की जानकारी कोतवाली थाना को दी। घटना स्थल पर कोतवाली पुलिस पहुंचकर जांच कर रही है। घटना की खबर लगते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी है। बताया जा रहा है कि मृतक सम्पत मंडावी सुबह 10 बजे विधायक के बंगले में गार्ड की ड्यूटी करने के बाद वापस घर जाने निकला था।

### श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, 5 श्रद्धालुओं की मौत

**भोपाल,14 जून।** मध्य प्रदेश के दतिया जिले में शुक्रवार की सुबह रतनगढ़ माता मंदिर पर जवारे चढ़ाने जा रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई. हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गये. गंभीर रूप से घायलों को ग्वालियर रेफर किया गया है. जानकारी के अनुसार, दीसवार गांव के श्रद्धालु कई ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर जवारे चढ़ाने के लिए रतनगढ़ माता मंदिर जा रहे थे. इनमें से एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित हो गई और पुलिया से नीचे जा गिरी. उसमें लगभग 30 लोग सवार थे. इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है. मृतकों में तीन लड़कियां और दो महिलाएं हैं. इनमें एक महिला और उसकी दो बेटियां शामिल हैं. इस हादसे में घायल हुए कुछ लोगों की हालत गंभीर है जिन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है. स्थानीय लोगों ने बताया कि गांव के लगभग दो सौ श्रद्धालु अलग-अलग ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर रतनगढ़ माता के मंदिर जा रहे थे।

### बलौदबाजार मामले में भाजपा ने जांच समिति का किया गठन

**रायपुर,14 जून।** कांग्रेस के बाद अब भाजपा ने भी बलौदाबाजार हिंसा मामले में जांच कमेटी गठित कर दी है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने समिति का गठन किया है. जिसमें कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल के नेतृत्व में 5 सदस्यीय समिति का गठन किया है. सभी तथ्यों की जांच के बाद जांच समिति 7 दिन में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी. बलौदाबाजार हिंसा में भाजपा ने जिन 5 सदस्यीय समिति का गठन किया है, उसमें कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल को संयोजक बनाया गया है. इसके साथ ही बलौदा बाजार विधायक और मंत्री टंक राम वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, अनुसूचित जाती मोर्चा के अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय और पूर्व विधायक रंजना साहू को समिति का सदस्य बनाया गया है.

### भारत लाए गए कुवैत में मारे गए 45 भारतीयों के शव

**कोच्चि,14 जून।** कुवैत अग्निकांड में मारे गए 45 भारतीयों के पार्थिव शरीर भारत लाए गए हैं। शवों को विशेष विमान से कोच्चि एयरपोर्ट लाया गया, जहां पहले से एंबुलेंस तैनात थी। पार्थिव शरीर कोच्चि हवाई अड्डे पर पहुंचने पर एर्नाकुलम रेंज के डीआईजी पुट्टा विमलादित्य ने कहा कि हमने शवों को प्राप्त करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले ही कर ली थी।

डीआईजी ने कहा कि हमने पीड़ितों के परिवार के सदस्यों के साथ समन्वय किया है। शव प्राप्त होने के बाद उन्हें उचित तरीके से संबंधित स्थानों पर ले जाया जाएगा। बता दें कि 23 शव केरल के हैं, 7 तमिलनाडु के और 1 कर्नाटक का है। प्रत्येक शव के लिए एक समर्पित वाहन उपलब्ध कराया गया है। कुवैत अग्निकांड में मारे गए लोगों में से सबसे ज्यादा लोग (23) केरल के नागरिक हैं।

## रविवि ने की गड़बड़ी, गलत पेपर बांटने पर एनएसयूआई ने मचाया हंगामा

रायपुर,14 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय प्रबंधन ने एक बार फिर परीक्षा में गड़बड़ी कर दी है. बीए-एलएलबी की परीक्षा में दूसरा प्रश्नपत्र बांटे जाने से नाराज छात्र सुबह आठ बजे से परीक्षा केंद्र के बाहर हंगामा मचा रहे हैं. छात्रों के अनुसार, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की बीए-एलएलबी की परीक्षा में आज पोलिटिकल साइंस थर्ड पेपर था, जिसके स्थान पर फोर्थ पेपर का प्रश्न पत्र बांट दिया गया. दूसरे प्रश्न पत्र दिए जाने से नाराज छात्रों ने इस पर परीक्षा केंद्र के बाहर हंगामा मचाना शुरू कर दिया. अपनी गड़बड़ी को दबाने के लिए विश्वविद्यालय दूसरे दिन परीक्षा आयोजित करने बाबत पत्र मांग रहा है, जिसे देने से छात्र इंकार कर रहे हैं. पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय में गड़बड़ी का यह पहला मामला नहीं है. इसके पहले विद्यार्थियों ने उत्तर पुस्तिका गायब होने पर और उसके बाद उत्तर पुस्तिका को गलत तरीके से जांचने पर प्रदर्शन हुआ है. और अब अब परीक्षा में गलत प्रश्न पत्र बांटने का मामला सामने आया है. छात्र इंतजार कर रहे हैं कि इस मुद्दे पर विश्वविद्यालय प्रबंधन क्या रूख अपनाता है.

**कुलसचिव ने दी सफाई**–पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. शैलेंद्र पटेल ने कहा है कि पहली बार ऐसी गड़बड़ी हुई है, जो एक गंभीर लापरवाही है. सिलेबस में इस नाम के और भी प्रश्नपत्र भी होते हैं, इसलिए ये घटना हुई. इसका परीक्षण कराया जाएगा और कार्यवाई भी की जाएगी. आज का पेपर निरस्त किया गया है, जो 10 जुलाई के बाद ही होगा. साथ ही बीए एलएलबी के जो प्रश्नपत्र आज बंटे उसे भी कैंसिल कर परीक्षा की नई तारीखें जारी की जाएंगी.एनएसयूआई के प्रदेश सचिव भक्तेश्वर वैष्णव ने बताया कि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बीए-एलएलबी कोर्स के चौथा सेमेस्टर का राजनीतिक विज्ञान भाग तीन का परीक्षा दिनांक 14 जून को आयोजित होना था परंतु प्रश्न पत्र नहीं छापने के कारण छात्रों को एक घंटे इंतज़ार कराया गया। एक घंटे बाद भी जब छात्रों को प्रश्न पत्र प्राप्त नहीं हुआ तब छात्रों में आक्रोश प्रदर्शन किया तब उन्हें आगामी 1 जुलाई को होने वाले राजनीतिक विज्ञान भाग 4 का प्राप्त प्रश्न पत्र थमा दिया गया जिस पर छात्र छात्राओं ने हंगामा शुरू कर दिया। एनएसयूआई के प्रदेश सचिव भक्तेश्वर वैष्णव के निर्देश पर एनएसयूआई जिला महासचिव खुशांत मांजरे , राघवेंद्र दिवार, प्रवीण ठाकुर, किशोर मांडले, अभिनय चंद्राकर और समस्त छात्र छात्राओं के द्वारा विश्वविद्यालय के कुलसचिव के पास बड़ी संख्या में छात्र पहुँचे। कुलसचिव द्वारा संबंधित अधिकारी के ऊपर कार्यवाही करने एवं परीक्षा को रद्द कर आगामी स्थिति जारी करने का आश्वासन दिया गया।

## 'पेपर लीक' की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर केंद्र, एनटीए को नोटिस

**नई दिल्ली,14 जून।** सुप्रीम कोर्ट ने आज नीट-यूजी-2024 परीक्षा के आयोजन को चुनौती देने वाली सात याचिकाओं पर नोटिस जारी किया और इसे 8 जुलाई को छात्रों के लिए भर्ती के साथ पोस्ट किया।

एक रिपोर्ट में कथित पेपर लीक की केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच की मांग की गई। कोर्ट ने नीट-यूजी- 2024 में छात्रों की डॉक्यूमेंट्री जांच की मांग वाली याचिका केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी या एनटीए को जारी की है। सुप्रीम कोर्ट ने मुकदमेबाजी की बहुलता से बचने के लिए एनईईटी-यूजी विवाद पर विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने की मांग करने वाली राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की याचिका पर निजी पक्षों को भी नोटिस जारी किया। अदालत ने इसे भी 8 जुलाई को पेश करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाश पीठ ने एनटीए वकील की इस दलील पर ध्यान दिया कि प्रश्न पत्र लीक और अन्य कदाचार के आरोपों पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-अंडर ग्रेजुएट, 2024 को रद्द करने की मांग करने वाली कई याचिकाएं लंबित हैं। पीठ ने कहा कि नोटिस जारी करें। उन्होंने कहा कि इन पर आठ जुलाई को सुनवाई होगी। इस बीच, एनटीए ने कहा कि वह तीन अन्य याचिकाएं वापस लेना चाहता है, जो मामलों को उच्च न्यायालयों से शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने की मांग कर रही थीं। एनटीए के वकील ने कहा कि मुद्दा सुलझ गया है और वह 1,536 उम्मीदवारों को दिए गए प्रतिपूरक अंक रद्द करने के फैसले और शीर्ष अदालत के 13 जून के परिणामी आदेश के बारे में उच्च न्यायालय को सूचित करेंगे।

## हम टीम इंडिया के रूप में काम करें: रिजिजू

**नई दिल्ली,14 जून।** 18वीं लोकसभा सत्र पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हम 18वीं लोकसभा की शुरुआत सकारात्मक तरीके से करना चाहते हैं।' उन्होंने कहा कि पहला सत्र जो कि 18वीं लोकसभा का विशेष सत्र है, तय हो चुका है और राष्ट्रपति मुर्मू ने 24 जून को सदन शुरू करने के लिए बुलाया है। उन्होंने कहा कि अब जो महत्वपूर्ण है वह यह है कि पहले सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाती है और लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होता है और फिर संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति का अभिभाषण होता है। यह हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है कि चुनाव के बाद हम पहली बार एक साथ आ रहे हैं, मेरी सभी सदस्यों से, सभी राजनीतिक दलों से अपील है कि हम एक साथ मिलकर टीम इंडिया के रूप में काम करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मेरे लिए, संसदीय कार्य मंत्री के रूप में, मुझे सभी राजनीतिक दलों के साथ समन्वय करना होगा, सदन प्रबंधन और राज्यसभा के सभापति और लोकसभा अध्यक्ष के मार्गदर्शन और प्रधान मंत्री के मार्गदर्शन के साथ, हम करेंगे। उन्होंने कहा कि समन्वित तरीके से बहुत एकजुटता से काम करें। मेरे लिए, विपक्षी



दलों और सत्तारूढ़ दल के बीच कोई अंतर नहीं है, हम देश की सेवा के लिए हैं। एनडीए को देश के मामलों को चलाने का जनादेश दिया गया है और विपक्षी गुट को विपक्षी दलों के रूप में काम करने और प्रदर्शन करने का जनादेश दिया गया है। इसलिए हमारी भूमिकाएँ भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। हम साथ मिलकर काम करेंगे। देश संसद में बहुत अच्छी बहस और चर्चा के माध्यम से एक जीवंत लोकतंत्र देखना चाहता है। सत्र के पहले तीन दिन में नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे तथा लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। संसद के दोनों सदनों की अगली बैठक जुलाई के तीसरे सप्ताह में बुलाई जा सकती है जिसमें केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। इसी के साथ निर्मला सीतारमण लगातार सात केंद्रीय बजट पेश करने वाली पहली वित्त मंत्री बन जाएंगी। आगामी बजट के साथ वह मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगी। देसाई ने लगातार छह बजट पेश किए थे। समझा जाता है कि प्रधानमंत्री मोदी 27 जून को राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद संसद में अपनी मंत्रिपरिषद के सदस्यों का परिचय देंगे। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष द्वारा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की कोशिश की जा सकती है।



## बाइक से गिरी बच्ची की ट्रक की चपेट में आने से मौत

**भिलाई,14 जून।** कुम्हारी में ट्रक ने बाइक सवार दंपती को पीछे से टक्कर मारी दी,इस घटना में 4 साल की बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई,वही बच्ची की मां को सिर पर चोट आई है पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवा दिया है और उसकी मां को शासकीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। पुलिस ने ट्रक को जप्त कर विवेचना में जुटी गई है कुम्हारी थाना क्षेत्र के ओवर ब्रिज में सुबह दुर्ग से रायपुर की और जा रहे दंपती को ट्रक ने पीछे टक्कर मारी दी जिससे बाइक सवार दंपती गिर गए और बीच में बैठी 4 साल की बच्ची ट्रक के पहिए के नीचे आ गई जिससे घटनास्थल पर ही बच्ची को मौत हो है घटना की सूचना मिलने पर मौके पर कुम्हारी पुलिस पहुंचकर शव को पीएम के लिए भिजवा दिया और घायल उसकी मां को शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है मृतिका की पहचान कुमारी रियांसी चिचगढ़ जिला गोदिया महाराष्ट्र के रूप में की है। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया है पुलिस ने ट्रक को जप्त कर लिया है जानकारी के अनुसार ओवर ब्रिज पर एक खराब ट्रक पहले से खड़ी हुई थी और दूसरा ट्रक ओवरटेक कर समय बाइक सवार दंपती को अपनी चपेट में ले लिया कुम्हारी टीआई जनक कुर्रे ने बताया कि पुलिस को एक्सीडेंट होने को सूचना मिलने पर मौके पर स्टाफ के साथ घटनास्थल पहुंचे जहां पर 4 साल की बच्ची को ट्रक ने कुचल से मौत हो है और उसकी मां को सिर पर चोट लगी थी बच्ची के शव को पीएम के लिए भिजवा दिया गया है वही घायल उसकी मां को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है ट्रक को जप्त कर ट्रक चालक की पतासाजी में जुटी है है मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

## अजित पवार को क्लीन चिट देना सरासर गलत: अन्ना हजारे

**मुंबई,14 जून।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के मुखिया अजित पवार को हाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक (शिखर बैंक) घोटाले में क्लीन चिट दी थी। अब मशहूर सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने इसका विरोध किया है। क्लोजर रिपोर्ट को अन्ना हजारे कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी कर रहे हैं। पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट पर अन्ना हजारे और माणिकराव जाधव के वकीलों ने आपत्ति जताई है। कोर्ट ने इस आपत्ति को स्वीकार कर लिया और याचिका दायर करने का समय दे दिया है। इस मामले में अगली सुनवाई 29 जून को होगी। शिखर बैंक लोन घोटाला मामले में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने अपना रुख बदलते हुए एनसीपी नेता अजित पवार समेत कई आरोपी नेताओं को क्लीन चिट दे दी है। 25 हजार करोड़ रुपये के शिखर बैंक घोटाले के मामले में अजित पवार, उनकी पत्नी सुनेत्र पवार और अन्य आरोपियों को मुंबई पुलिस की आर्थिक क्राइम ब्रांच ने बरी कर दिया। पुलिस ने कहा कि इनके खिलाफ कोई सबूत नहीं हैं। आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अजित पवार को राजनीतिक गलियारों से भी क्लीन चिट मिल गई। वकीलों की दलील है कि-जांच एजेंसियों का इस्तेमाल पूरी तरह से सरकार के द्वारा किया जा रहा है।

### छत्ततीसगढ़ में एनआइए की बड़ी कार्रवाई

**रायपुर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सर्च आपरेशन को अंजाम दिया है। एनआइए की यह छापेमारी गरियाबंद जिले के मैनपुर इलाके में गुरुवार को प्रारंभ हुई। बताया जा रहा है कि एनआइए ने 2023 विधानसभा चुनाव के दौरान एक पोल पार्टी के काफिले पर नक?सली आइईडी हमले के सिलसिले में छत्तीसगढ़ में कई स्थानों की तलाशी ली।

पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने डीजीपी को लिखा पत्र

## समाज के निर्दोष लोगों और दंगाइयों में फर्क करे प्रशासन



रायपुर 14 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार में बीते सोमवार यानी 10 जून को हुई हिंसक घटना के बाद अब स्थिति सामान्य हो गई है और पुलिस मामले में कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार कर रही है. सरकार भी इस पर सख्त है और मामले पर नजर बनाए हुए है. वहीं पुलिस की कार्रवाई को लेकर पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अशोक जुनेजा को पत्र लिखा है. जिसमें उन्होंने मांग की है कि समाज के निर्दोष लोगों और दंगाईयों में प्रशासन फर्क करे.

पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा ने पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर कहा है कि गिरौदपुरी धाम में जैतखाम को तोड़फोड़ कर अपवित्र करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किये जाने के लिये सतनामी समाज के लोग शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन करने के लिए इकट्ठा हुए थे. भीड़ में शामिल कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड और आगजनी की गई. जिसके कारण पुलिस असामाजिक तत्वों और समाज के निर्दोष लोगों के बीच भेद न करते हुए पूरे सतनामी समाज को अपराधी ठहरा रही है.

शर्मा ने किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी, और ऑर्ट आगजनी का विरोध करते हुए पुलिस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि अराजक लोगों द्वारा किये गए कार्यों के कारण छत्तीसगढ़ पुलिस समस्त सतनामी समाज पर बर्बर तरीके से उन पर अत्याचार कर रही है जो कि अमानवीय और मानव अधिकार का सीधा उल्लंघन है.

सत्यनारायण शर्मा ने इस मामले की उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर तथ्यों की सूक्ष्म जांच कराकर निर्दोष लोगों को फंसाने और उन पर पुलिस द्वारा की जा रही अमानवीय और बर्बर कार्रवाई पर रोक लगाने तथा असामाजिक तत्वों पर कठोर से कठोर कार्रवाई किये जाने की मांग की है.

बता दें, 15 और 16 मई की दरमियानी रात कुछ असामाजिक तत्वों ने गिरौधपुरी धाम में सतनामी समाज के धार्मिक स्थल के पूज्य जैतखाम में तोड़फोड़ की थी. मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था. पुलिस की इस कार्रवाई से समाज के लोग असंतुष्ट थे और न्यायिक जांच की मांग कर रहे थे. इस बीच सोमवार को गृहमंत्री विजय शर्मा ने न्यायिक जांच की घोषणा की. वहीं जैतखाम में तोड़फोड़ के विरोध में हजारों लोग कलेक्ट्रेट के पास एकत्र हुए और जमकर हंगामा किया. जहां प्रदर्शन हिंसक हो गया. जिसके बाद उपद्रवियों ने तांडव मचाते हुए कलेक्टर और एसपी कार्यालय को आग के हवाले कर दिया. इस घटना में वहां मौजूद 20-30 पुलिसकर्मी घायल हो हुए. फिलहाल, शहर में 16 जून तक धारा 144 लागू है. मामले में पुलिस एसआईटी की जांच कर रही है।

## डल झील किनारे योग दिवस मनाएंगे मोदी

**श्रीनगर,14 जून।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमलों की संख्या बढ़ गई. वैष्णो देवी के पास तीर्थयात्रियों से भरी बस पर हमला हुआ तो उसके बाद 3 और अटैक हुए थे. इन आतंकी हमलों के बाद हालात की समीक्षा को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने हाईलेवल मीटिंग भी की थी. इस बीच खबर है कि 21 जून यानी योग दिवस के मौके पर वह श्रीनगर में डल झील के किनारे आयोजन में शामिल होंगे. पीएम के तौर पर अपना तीसरा कार्यकाल शुरू होने के बाद नरेंद्र मोदी का यह पहला कश्मीर दौरा होगा. अब तक पीएम मोदी की विजिट की आधिकारिक सूचना नहीं है.

सूत्रों का कहना है कि डल झील के किनारे आयोजन की तैयारियां होने लगी हैं. सुरक्षा व्यवस्था से लेकर अधिकारी आयोजन के इंतजाम तक में जुटे हुए हैं. डल झील के पास ही बने इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में पीएम मोदी आयोजन के मुख्य अतिथि होंगे. नरेंद्र मोदी 20 जून की शाम श्रीनगर पहुंच जाएंगे. इसके बाद वह 21 तारीख को सुबह योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे. हमें उम्मीद है कि इसमें सैकड़ों लोग शामिल होंगे. मोदी की मौजूदगी के चलते यह हाईप्रोफाइल इवेंट है, जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं.' इसी सप्ताह एसपीजी की टीम श्रीनगर पहुंचेगी और इलाके की सुरक्षा व्यवस्था चेक की जाएगी.

## कांग्रेसी जांच तो करें,किन्तु झीरम जैसी भूमिका न हो: राजेश मूणत

**रायपुर,14 जून।** बलौदाबाजार हिंसा मामले को लेकर प्रदेश में सिसासत गरमा गई है. सत्ता में बैठी भाजपा और विपक्ष की कांग्रेस दोनों ही इस घटना को लेकर घेरने में लगी है. राज्य की साय सरकार ने इस घटना को लेकर न्यायिक जांच के आदेश दिये हैं. वहीं इस घटना में लोकल प्रशासन की जांच को लेकर कांग्रेस ने सीबीआई जांच करवाने की मांग की है. कांग्रेस की मांग पर अब पूर्व मंत्री और विधायक राजेश मूणत ने पलटवार किया है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बलौदाबाजार दौरे पर पूर्व मंत्री व विधायक राजेश मूणत तंज कसते हुए कहा कि अच्छी बात है, जाएं और देखें. उनके पास भी तथ्य हैं तो सकारात्मक सुझाव दे, लेकिन झीरम घाटी जैसी भूमिका नहीं चाहिए. राजेश मूणत ने झीरम घाटी मामले में कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि जेब में सबूत था, लेकिन 5 साल तक के सबूत नहीं निकाल पाए. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सीबीआई को प्रतिबंधित किया था. छत्तीसगढ़ की एसआईटी से जांच कराते थे. अब जब भाजपा सरकार लोकल प्रशासन से जांच करवा रही है, तो कह रहे हैं कि सीबीआई से जांच करवाओ. यह तो वही बात है कि तुम करो तो रासलीला ! वहीं बलौदाबाजार के



कलेक्टर और एसपी के निलंबन पर विधायक मूणत ने कहा, कि छत्तीसगढ़ शांति का टापू है. सरकार का कर्तव्य बनता है, जो कानून हाथ में लेगा उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई करें. उन्होंने कहा कि राजनीतिक, सामाजिक या अन्य कोई भी व्यक्ति हो, कानून को हाथ में नहीं लेना चाहिए. मुख्यमंत्री साय सभी विभागों की समीक्षा पर पूर्व मंत्री व विधायक राजेश मूणत ने कहा कि अच्छी प्लानिंग योजना के साथ आने वाले भविष्य में क्या कर सकते हैं, इस पर विचार कर रहे हैं. वहीं बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद राजेश मूणत ने मंत्री बनने के संभावनाओं पर कहा कि मैं कहीं नहीं खड़ा हूं, मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं. मेरी पार्टी है, मेरी सरकार है.

### शिल्पा शेट्टी व उसके पति पर धोखाधड़ी का आरोप,कोर्ट ने दिए जांच के आदेश

**मुंबई,14 जून।** बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और उनके पति राज कुंद्रा की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं. इस कपल पर एक सर्राफा कारोबारी ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया है. जिसके बाद मुंबई सेशन कोर्ट ने पुलिस को इनकी जांच करने का आदेश दिया है. सत्र न्यायालय के न्यायाधीश एनपी मेहता ने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) को सर्राफा व्यापारी पृथ्वीराज सारेमल कोठारी की शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया है. इसके अलावा कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि अगर जांच के बाद आरोप सही साबित होता है, तो पुलिस इस मामले में आईपीसी की सभी जरूरी धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करके एक्ट्रेस और उनके पति के खिलाफ उचित जांच करें.

मानसून से पहले की बारिश में जल भराव

## हाईकोर्ट ने विभागीय सचिव व निगम आयुक्त से मांगा जवाब

बिलासपुर,14 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बिलासपुर में जलभराव का मुद्दा हाईकोर्ट पहुंच गया है, मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए शहरी प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव के साथ बिलासपुर नगर निगम आयुक्त को जल भराव के संबंध में उठाए गए कदमों पर व्यक्तिगत हलफनामा दायर करने कहा है. इसके साथ ही होर्डिंग्स की वजह से बिजली बाधित को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है. मामले की अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी. बता दें कि समाचारों में गली मोहल्लों की नालियां कचरे और गंदगी से भरी पड़ीं होने की खबरें आ रही थी, इसे हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका के रूप में स्वीकार कर सुनवाई शुरू की है. इसमें शासन को पक्षकार बनाया गया है. चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डबल बेंच में सुनवाई हुई.

इस दौरान कोर्ट ने कहा है, कि हल्की बारिश के दौरान कश्यप कॉलोनी में अधूरे नाली निर्माण के कारण पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में सड़क पर जलभराव की स्थिति हो गई. कश्यप कॉलोनी में नाली निर्माण का कार्य पिछले दो माह से चल रहा है और बारिश से पहले काम पूरा नहीं होने से समस्या आ रही है. बुधवार को हुई हल्की बारिश से पुराने बस स्टैंड और राजीव प्लाजा की नालियां भी लबालब हो गई. इसके साथ ही होर्डिंग तेज अंधड़ में नीचे जाकर बिजली लाइन में फंस गया, जिससे और 33 केवी लाइन में फाल्ट हो गया. इसे सुधारने में काफी समय लगा. इस अवधि के दौरान पुराने आरटीओ, व्यापार विहार और पीजीबीटी सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति घंटों बाधित रही. अभी मानसून की बारिश शुरू नहीं हुई है, और इससे पहले ही लोगों को जलजमाव की समस्या से जूझना पड़ रहा है. इसे लेकर हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है.

## एक नजर

### कई टीमें कर रही डकैतों की तलाश

**भिलाई, 14 जून।** भिलाई अंजोरा चौकी क्षेत्र के रसमड़ा खैरागढ़ बायपास रोड निवासी टिंबर व्यवसायी दिलीप मिश्रा के घर पर डकैती डालने वाले चड्डी बनियान गिरोह की तलाश में पुलिस एढ़ी चोटी का जोर लगा रही है अलग-अलग टीम बनाकर अन्य प्रदेशों में भेजी गई है फिंगरप्रिंट निकालकर पुलिस मुख्यालय के नाफिस सेंटर भेजे जा रहे हैं, इससे आरोपियों का सुराग मिलने की संभावना बढ़ गई है पुलिस के अधिकारियों के नेतृत्व में टीम हर तरह से आरोपियों तक पहुंचने के प्रयास कर रही हैं जानकारी के मुताबिक जेल में बंद कुछ शातिर अपराधी और उनके गिरोह का पुराना इतिहास खंगाला जा रहा है पुलिस की टीम मध्य प्रदेश के अशोकनगर, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, राजस्थान के नागौर क्षेत्र के पेशेवर गिरोह का हाथ होने की संभावना को देखते हुए डकैतों की तलाश में टीम भेजी जा चुकी है उल्लेखनीय 7-8 जून की दरमियानी रात को चड्डी बनियान हीरो के लगभग 6 सदस्य टिंबर व्यवसायी दिलीप मिश्रा के घर पर डकैती डाली थी। दिलीप मिश्रा एवं उनकी पत्नी किरण मिश्रा को कमरे में ही बंधक बनाकर आलमारी में से सोने के लगभग 35 तोले जेवरात एवं नगदी लगभग 25000 रुपए लेकर गिरोह भाग निकला था आरोपियों ने बंधक बनाए दंपति के मोबाइल को भी लेकर फेंक दिया था घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अपने स्तर पर आरोपियों की तलाश में टीम बनाकर अन्य शहरों में भेजी थी पुलिस डकैतों तक पहुंचने के लिए संभव प्रयास कर रही है ।

### महिला हुई चेन स्नेचिंग की शिकार

**भिलाई, 14 जून ।** भिलाई नेवई थाना अंतर्गत खाना खाकर बेटे के साथ रात में घर के बाहर टहल रहीं शासकीय महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर के गले से सोने की चेन खींचकर बाइक सवार भाग निकला रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है नेवई पुलिस ने बताया कि निकुम शासकीय महाविद्यालय में असिटेंट प्रोफेसर श्रीमती अन्नपूर्णा यादव (40 वर्ष) रात्रि में खाना खाकर अपने बेटे प्रत्युश के साथ मैत्री कुंज की स्ट्रीट 10 स्थित अपने घर के बाहर टहल रही थी घर के सामने रात्रि करीब 9 बजे एक अज्ञात बाइक सवार हेलमेट पहनकर पीछे से आया और उनके गले से सोने की चेन खींच कर भाग निकला प्रोफेसर ने पुलिस को बताया कि हेलमेटधारी आरोपी उनके पीछे पैदल ही आया उसने कुछ दूरी पर अपनी बाइक खड़ी कर रखी थी चेन खींचते ही वह पीछे की ओर भागा और कुछ दूरी पर खड़ी बाइक स्टार्ट कर निकल गया प्रोफेसर की चीख पुकार सुन पड़ोसी और कालोनी के अन्य लोग पहुंचे मगर तब तक आरोपी निकला था ।

### विवाह समारोह से बाइक चोरी

**भिलाई, 14 जून ।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र सार्थक होम्स में विवाह समारोह पहुंचे एक वृद्ध की मोटर सायकल अज्ञात चोर ने कर ली रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि अवधराम साहू (67 वर्ष ) ने अपनी लड़की श्रीमती दुलौरीन साहू की सहेली मरियम के भाई की शादी पार्टी में सम्मलित होने अपनी मोटर साइकिल से कुम्हारी सार्थक होम्स के पास बीती रात 8 बजे पहुंचे थे उन्होंने बताया कि बाइक सार्थक होम्स के पास खाली जगह रोड किनारे खड़ी कर पार्टी मेंशामिल हुए और खाना खाकर साढ़े 9 बजे वापस घर जाने के लिये निकले तो बाइक चोरी हो गई थी अपने दामाद जय कुमार साहू के साथ कुम्हारी थाना पहुंच वृद्ध ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है ।

### युवक ने घर में फांसी लगाई

**भिलाई, 14 जून ।** भिलाई-3 थाना क्षेत्र एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली आत्महत्या का कारण अज्ञात है फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है भिलाई-3 पुलिस ने बताया कि वार्ड क्रमांक 38 सोमनी भिलाई-3 निवासी भूपेन्द्र कुमार वर्मा ( 26 वर्ष ) ने सुबह अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतक ठेका श्रमिक था और उसका एक वर्ष का बेटा है आत्महत्या क्यों कि कारण अज्ञात है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माणाधीन आवासों का अफसर कर रहे निरीक्षण



**भिलाई-चरौदा।** नगर निगम भिलाई-चरौदा के प्रत्येक वार्ड में बी.एल.सी. आवासों का निर्माण कार्य देखने उप अभियंता एवं सहायक अभियंता द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा किए जाने के दौरान इस आशय के दिशा निर्देश उपस्थित सभी अभियंता को प्रदान किये। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में हितग्राही द्वारा कार्य प्रारंभ करते ही पहली किश्त निगम प्रशासन द्वारा प्रदान की जाती है। इसके पश्चात दूसरी और तीसरी किश्त की राशि निर्माण कार्य छत ढलाई तक पहुंचने पर भुगतान किया जाता है, चौथी किस्त पूर्णता पर जारी की जाती है। निगम आयुक्त ने कार्यरत एजेंसी के प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान कहा कि निगम प्रशासन द्वारा समय पर भुगतान उपरांत भी कार्य में प्रगति नहीं होना इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता । संबंधित वार्ड प्रभारी उप अभियंता एवं सहायक अभियंता सहित कार्यरत एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ फील्ड में जाकर समस्या निराकरण करने की कार्यवाही करें। शहरी तथा ग्रामीण वार्ड में बी.एल.सी. आवास निर्माण की वस्तुस्थिति देखने पहुंचे सहायक अभियांता देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उप अभियंता मुकेश चन्द्राकर, उप अभियंता विक्टर वर्मा, उप अभियंता वैभव त्यागी सहित अन्य कार्मचारी।

# मंदिर से भगवान की मूर्ति हुई चोरी, ग्रामीण हैं बहुत नाराज



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन,14 जून।** थाना के ग्राम कसही में राम जानकी मंदिर में रखे भगवान लड्डू गोपाल की मूर्ति सहित चांदी के कटोरी की चोरी हो गई है। घटना बीती रात्रि की है। बता दें कि पिछले दो दिन पहले के पड़ोस के गांव सेमरी के दुर्गा मंदिर में भी चोरी हुआ था। पुलिस पहले मामला का खुलासा नहीं कर पाया है वहीं आज चोरी की यह दूसरी घटना घट गई। लगातार मंदिरों में चोरी की वारदात बढ़ने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम कसही में श्री राम जानकी मंदिर में बीती रात चोर ने दावा बोल दिया। इस मंदिर में रखे चांदी के कटोरी के साथ ही वहां पर लड्डू गोपाल का मूर्ति भी रखा गया था।

लड्डू गोपाल की मूर्ति को ही उठा कर ले गए। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पाटन थाने में दी है। पाटन क्षेत्र में लगातार इस तरह से चोर अब मंदिर को निशाना बनाने में लगे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि आज से करीब 8 साल पहले भी गांव के ही एक मंदिर में चोरी हुई थी तब से इस मंदिर में सिर्फ त्यौहार में या विशेष अवसर पर ही श्री राम जानकी का श्रृंगार गहनों से किया जाता है । बाकी समय निकाल दिया जाता है। अगर अभी भी गहने पहने होते तो वह भी चोरी हो जाता है।

# वैशाली नगर विस में नये 41 आंगनबाड़ी भवनों को राज्य सरकार की हरी झंडी



**भिलाई, 14 जून।** आचार संहिता खत्म होते ही वैशाली नगर विधानसभा में विकास की धारा तेज करते हुए विधायक रिकेश सेन ने निगम के तीन जोन अंतर्गत कुल 41 आंगनबाड़ी भवनों के लिए राज्य शासन से स्वीकृति ले ली है। सेन ने बताया कि वैशाली नगर विधानसभा के अनेक आंगनबाड़ी केंद्र किराये के भवन में थे और कई आंगनबाड़ी भवन ऐसे भी थे जिनके भवन? जीर्ण शीर्ण अवस्था में थे। इसके लिए विधायक द्वारा राज्य सरकार को प्रस्ताव भी भेजा गया था। जिसकी स्वीकृति मिल गई है। इसके अलावा जो आंगनबाड़ी भवन पुराने और सुविधाविहीन हैं उनका भी रिनोवेशन होगा। वैशाली नगर विधानसभा के सुपेला लक्ष्मी नगर में कुल 5 आंगनबाड़ी भवन बनाए जाएंगे, जिनमें पाड़े पारा, लक्ष्मी नगर सुपेला में दो, देवांगन पारा और दुर्गा पारा शामिल है। कोहका में दो, नेहरू भवन आनंद चौक सुपेला, कांट्रेक्टर कालोनी में परदेशी चौक और उड़िया बस्ती, सुपेला बाजार इंदिरा नगर में दो, राजीव नगर गांधी नगर, आजाद चौक, कुरूद बस्ती, घासीदास नगर हाउसिंग बोर्ड, रामनगर मुक्तिधाम वार्ड में राम नगर, सुंदर नगर कोहका-1, सुंदर नगर कोहका-2, शास्त्री नगर वार्ड में तीन दर्शन मंदिर, शास्त्री नगर-1, शास्त्री नगर-2, वृंदा नगर, प्रगति नगर, सुंदर नगर, कैलाश चौक, घासीदास नगर, संतोषी पारा वार्ड में महावीर चौक, संतोषी पारा, शर्मा कॉलोनी, शारदा पारा, आशादीप कॉलोनी, गांधी चौक, श्याम नगर वार्ड में अहमद नगर, बीएसपी स्कूल, श्याम नगर, संत रविदास नगर वार्ड में तीन सहित कुल 41 आंगनबाड़ी भवन बनाए जाएंगे।

### रावघाट परियोजना की सीएसआर गतिविधियों को मिला अवार्ड



**भिलाई, 14 जून।** भुवनेश्वर, ओडिशा में पर्यावरण, ऊर्जा एवं जलवायु परिवर्तन पर आयोजित 9वें राष्ट्रीय सम्मेलन-2024 में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की रावघाट परियोजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न सी एस आर गतिविधियों को प्रतिष्ठित कलिंगा सी एस आर एवं सस्टेनेबिलिटी एक्सीलेंस अवार्ड ङ्क 2023 से सम्मानित किया गया। रावघाट परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार ने 8 जून को आयोजित सम्मान समारोह में संयंत्र की ओर से इस पुरस्कार को ग्रहण किया। रावघाट परियोजना की टीम द्वारा यह सी एस आर एवं सस्टेनेबिलिटी एक्सीलेंस अवार्ड - 2023 को संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता को 13 जून को सौंपा गया। अनिर्बान दासगुप्ता ने इस उपलब्धि पर रावघाट परियोजना के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में भी सी एस आर अंतर्गत लोक-कल्याणकारी कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ ए के पंडा, योगेश वर्मा तथा वरिष्ठ प्रबंधक के के गुप्ता उपस्थित थे।

# मजदूरी में कटौती को लेकर नाराज मजदूर पहुंचे जनपद पंचायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन,14 जून।** पाटन ब्लॉक के ग्राम भनसूली और मोहभट्ठा के ग्रामीण आज सैकड़ो को संख्या में जनपद पंचायत पाटन का घेराव करने पहुंचे थे। ग्रामीणों का कहना था की मनरेगा में जो काम किए थे उसकी मजदूरी की राशि में कटौती कर दिया है। ग्रामीणों ने तकनीकी सहायक पर मजदूरी में कटौती किए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने अतिरिक्त सी ई ओ स्वेता यादव को ज्ञापन भी सौपा। अतिरिक्त सीईओ द्वारा जांच दल का गठन कर पूरा मामला को जांच कराने आश्वासन दिया उसके बाद ग्रामीण शांत हुए और वापस गांव गए। ग्राम भांसूली और आश्रित ग्राम मोहभट्ठा के सैकड़ों मजदूर भरर जलाशय के पास सामुदायिक तालाब गहरीकरण में काम किए थे। जिसमें लगातार दो सप्ताह तक की मजदूरी तकनीकी सहायक अनिरुद्ध ताम्रकार के द्वारा राशि काटने का आरोप ग्रामीण लगाए हैं । जबकि ग्रामीणों का कहना है कि मजदूर तकनीकी सहायक के निर्देशानुसार ही कार्य किया है । उसके बावजूद भी बिना किसी जानकारी के मजदूरी काटी गई है । दो सप्ताह की मजदूरी में कटौती की गई है।। ग्रामीणों ने जो ज्ञापन सौंपे है उनमें बताया कि मजदूरों की मजदूरी राशि भुगतान नहीं होने की स्थिति में ग्राम पंचायत में मनरेगा की किसी भी प्रकार का मनरेगा का कार्य मजदूर द्वारा नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों के साथ ग्राम पंचायत के सरपंच लक्ष्मी चंद्राकर, उप सरपंच सहित पंचगन मौजूद रहे।। उन सबका भी मानना था कि ग्रामीणों के मजदूरी में कटौती की गई है।



मजदूरों का कहना था कि तकनीकी सहायक के दिशा निर्देश मिलने के बाद कार्य किए थे। उसके बाद भी प्रति मजदूरों का 63 रुपए लगातार 13 दिन का काटा गया है । बता दें कि मजदूरी का कार्य तालाब गहरीकरण में चल रहा था जिसकी समय-समय पर मॉनिटरिंग भी की जा रही थी। इस अवसर पर सरपंच लक्ष्मी चंद्राकर, उपसरपंच मोरध्वज चंद्राकर लोकेश साहू, कमल किशोर चंद्राकर, सुखम्बती, इंदिरा, कलिंद्री यादव, सोनिया, संगीता यादव, चमेली यादव, चंदर यादव, सविता कुर्रे, कामेश्वर साहू, रामौती साहू, पुष्पेंद्र साहू, नील कंठ चंद्राकर, होमन साहू, गंगा राम, देवेंद्र धीवर, लोकेश साहू, रोहणी चंद्राकर, टापू साहू, नरेंद्र के, दीपक साहू, सूर्य कांत वर्मा, रोशन, टॉप सिंह साहू, राजेश पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पाटन में 220/132 केवी विद्युत उपकेंद्र एवं ट्रांसफार्मर उर्जीकृत, 80 हजार को मिलेगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पाटन,14 जून।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा विद्युत अधोसंरचना विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देशों के अनुरूप छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों के कार्यों में तेजी दिखाई पड़ने लगी है, जिसके तहत पाटन में 220/132 के.वी. विद्युत उपकेंद्र तथा 160 एम.वी.ए. का ट्रांसफार्मर प्रबंध निदेशक, पारेषण कंपनी राजेश कुमार शुक्ला द्वारा ऊर्जीकृत किया गया। प्रदेश के ऊर्जा सचिव तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष पी. दयानंद ने इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए अन्य कार्यों को भी अतिशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं। पाटन में इस अति उच्चदाब विद्युत उपकेंद्र के ऊर्जीकृत होने से धमतरी, दुर्ग तथा रायपुर जिलों के विद्युत उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इस उपकेंद्र से नवनिर्मित 132/33 के.वी. उपकेंद्र अमलेश्वर को विद्युत सप्लाई दी जाएगी एवं भविष्य में 132/33 के.वी. उपकेंद्र अंडा, जामगांव, अर्जुनी, भखारा, भिलाई, रूआबांधा एवं 220/132 के.वी. उपकेंद्र डोमा को भी विद्युत प्रदाय किया जाएगा। इस उपकेंद्र के बनने से इस क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ होगी एवं विद्युत व्यवधान में कमी आएगी। यह अत्यंत महत्वपूर्ण उपकेंद्र होगा। यहाँ से 12 नग फीडर निकलेंगे जो कि रायपुर, भिलाई, दुर्ग, धमतरी जिलों को सुविधा प्रदान करेंगे। इस विद्युत उपकेंद्र के ऊर्जीकृत होने से 209 गांवों, 2 नगर पंचायतों, 2 नगरपालिका निगमों के लगभग 80,000 विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा। इस कार्य की लागत 58 करोड़ रुपये से अधिक है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी के कार्यपालक निदेशकगण के.एस. मनोटिया, राजेश चंद्र अग्रवाल, एम.एस. चौहान, मुख्य अभियंतागण डी.के. तुली, जी. आनंदराव, अविनाश सोनेकर, ए.के. अंबस्थ, आर.एम. जामुलकर, अतिरिक्त मुख्य अभियंतागण श्रीमती चंद्रकला गिडवानी, वी.के. दीक्षित, अधीक्षण अभियंतागण पी पी सिंह एस.के. लखेरा, मनोज राय तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल का सदस्य जेके सिंह के बनने से कवर्धा में हर्ष



**कवर्धा, 14 जून।** जे.के.सिंह, व्याख्याता (कामर्स) स्वामी करपात्रीजी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में पिछले तीन दशकों से कार्यरत (अनेक विद्यार्थी चार्टर्ड एकाउण्टेण्ट हैं) ।पूर्व में भी छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के सदस्य रहे।? स्वामी करपात्रीजी विद्यालय में 27 वर्षों तक एसोसिएट एनसीसी अधिकारी के रूप में कार्य किया। । लक्ष्य के सवाल पर उन्होंने कहा की - माध्यमिक शिक्षा मण्डल के कार्यों में सक्रिय सहभागिता देकर उत्कृष्टता लाने में सहभागी बनना तथा बोर्ड परीक्षाओं से सम्बन्धित विद्यालयों की आवश्यकताओं को मण्डल के समक्ष रखना, पाठ्यचर्या व विषय समितियों में नये सुयोग्य शिक्षकों को जोड़ना । कवर्धा में जे के सिंह के छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य बनने पर कवर्धा में खुशी की लहर देखी जा रही है ।

### प्लेट मिल बिरादरी ने किया पौधरोपण

**भिलाई, 14 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल विभाग में 12 जून को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने एवं अपने जीवनकाल में अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिये प्रेरित करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता थे। मुख्य अतिथि तापस दासगुप्ता ने वृक्षारोपण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिये बहुत अधिक उपयोगी है, क्योंकि ये हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और पृथ्वी पर ऑक्सीजन का संतुलन बनाकर रखते हैं। अध्यक्षता कर रहे मुख्य महाप्रबंधक आर के बिसारे ने अपने उदबोधन में कहा कि पर्यावरण ही हमें सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करती है और पर्यावरण पेड़ों से समृद्ध होता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक तरूण कनरार, मुख्य महाप्रबंधक डी एल मोईत्रा, मुख्य महाप्रबंधक टी दस्तीदार, मुख्य महाप्रबंधक अरूण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक एस के घोषाल, मुख्य महाप्रबंधक एस टोकदार, मुख्य महाप्रबंधक ए के दत्ता, मुख्य महाप्रबंधक राजीव पाण्डेय, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त प्लेट मिल विभाग के महाप्रबंधकगण एस के वर्मा, भास्कर रॉय, जे सुधाकर, एच बहुरूपी, सी पदमनाभन तथा सहायक प्रबंधक विजय कुमार, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी सुखचंद तथा रूहेल सिंह सहित सुश्री मीनू चैहान, सुश्री नीता सरवरे तथा बडी संख्या में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी गणों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।



# कमिश्नर ने अधिकारियों को समय में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश



भिलाई-चरौदा। कमिश्नर डी. एस. राजपूत द्वारा मंगलवार को विभागीय अधिकारियों की समय सीमा के अंदर किये जाने वाले कार्यों के मद्देनजर तलब किया। कार्यपालन अभियंता सहित समस्त इंजीनियरिंग एवं विभाग प्रमुख इस बैठक में उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि वृक्षारोपण, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, रामलला दर्शन समेत विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के साथ कार्यों की गुणवत्ता युक्त समय सीमा में पूर्ण करने आयुक्त श्री राजपूत द्वारा निर्देशित किया गया। वृक्षारोपण विषय पर विशेष फोकस करने की बात कहते हुए कमिश्नर द्वारा अधिकारियों को लगाये जाने वाले पौधों की सुरक्षा के प्रबंध करने निर्देशित किया। वहीं शासन की प्राथमिकता वाली योजना रामलला तीर्थ यात्रा दर्शन में इच्छुक नागरिकों से संपर्क कर उनके नाम जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने की बात कही। इसके पश्चात आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण करने अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये। आफिस स्टाफ को प्रत्येक बुधवार को अपने कक्ष की सफाई करने निर्देशित किये जाने के साथ स्वास्थ्य केन्द्रों और विद्यालयों में सफाई अभियान चलाये जाने स्वच्छता निरीक्षक को चेताया। बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के प्रबंधक को पी.एम. स्वनिधी योजना का लक्ष्य शीघ्र पूरा करने निर्देशित भी किया गया। बैठक में निगम के कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, सहायक अभियांता देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता हेमंत साहू, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उप अभियंता मुकेश चन्द्राकर, उप अभियंता विक्टर वर्मा, उप अभियंता वैभव त्यागी उपस्थित रहे।

### कर्मचारी स्वच्छता कार्य में रहे शामिल

**भिलाई-चरौदा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा समय सीमा की बैठक में दिये गये निर्देशानुसार भिलाई-चरौदा निगम स्टाफ ने भी कार्यालय की सफाई प्रति बुधवार करना प्रारंभ कर दिया है। निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत ने दैनिक कामकाज की समीक्षा करते हुए सभी विभाग प्रमुख कर्मचारियों को इस विषय पर कार्य करने निर्देश प्रदान किये है। जिसके फलस्वरूप आज दिन बुधवार दिनांक 12 जून को निगम के प्रत्येक विभाग में सफाई अभियान चलाया गया। उल्लेखनीय है कि निगम में लिपिकीय स्टाफ तथा सफाई मित्रों द्वारा सम्मिलित रूप से फोटो कॉपी मशीन, कार्यालय के कक्ष में रखी गयी आलमारी, कुर्सी-टेबली पर पडी धूल हटाकर एवं कमरो की दीवारों पर लगे जालों को साफ करने के अलावा कूलर में पानी बदलने का कार्य किया,।

# ड्रोन से होगा निगम भिलाई के भवनों एवं भूमि का जीआईएस सर्वे

**भिलाई, 14 जून।** नगर निगम भिलाई द्वारा अपने भवनों एवं भूमियों का जी.आई.एस. सर्वे ड्रोन के माध्यम से कराये जाने की अनुशंसा महापौर परिषद द्वारा प्रदान की गई। निगम भिलाई क्षेत्र के जितने भी आवासीय एवं व्यावसायिक भूमि, भवन, गार्डन, रोड, पानी टंकी, मार्केट, स्कूल, शासकीय भवनों को इसके माध्यम से जुड़ जायेगें। जिससे किसी भी भवन की भौगोलिक स्थिति का एक एड्रेस एवं निश्चित जी.पी.एस. लोकेशन के साथ ऑनलाइन मैप का पता लगाया जा सकता है। निगम क्षेत्र में निवासरत नागरिक जो अपने मकानो, दुकानों का संपत्तिकर, जलकर, भू-भाटक आदि करों का वास्तविक सर्वे



पारदर्शिता के साथ हो जाएगा। जी.पी.एस. के माध्यम से निगम के सभी साफ्टवेयर को इससे जोड़ा जायेगा, जिससे निगम क्षेत्र के किसी भी भवन का पहचान हो जायेगा और भवन को ढुढने की आवश्यकता नहीं पड़ेगा। सभी भवनों में डिजिटल डोर एवं नम्बर प्लेट लगाया जाएगा, जिसमें क्यू.आर.कोड लगाया जाएगा। जी.आई.एस. तकनीक के माध्यम से सभी वार्डो के भवन एवं भूमि का डेटाबेस तैयार कर साफ्टवेयर एवं एप के माध्यम से नागरिकों को सुविधा प्रदान की जायेगी तथा निगम का काम भी सरल एवं सुगम हो जाएगा। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने विशेष रूचि लेकर इसके लिए अलग से एक सेटअप बनवाया है, दिलीप कुर्वे टेक्निकल टीम के माध्यम से जहां पर इसके संबंध में तैयारी की कर रहे हैं, जब यह पूर्ण रूप से मूर्तरूप लेगा। निश्चित ही यह सब के लिए फायदेमंद होगा। साथ ही नगर निगम के द्वारा बिछाई गई पाइप लाइन, सीवरेज सिस्टम का भी मेपिंग हो जाएगा। इन सब से नगर निगम के आय में बढ़होत्तरी होगी। आम नागरिको को भी इससे सुविधा होगा की उनकी संपत्ति का वास्तविक मूल्यांकन नियमानुसार हो जायेगा। जी.आई.एस आधारित सॉफ्टवेयर बनाये जाने की महापौर परिषद द्वारा तारीफ की गई।

### ऑडिट के बाद संयंत्र में आई.एम.एस. सिस्टम नवीनीकृत



**भिलाई, 14 जून।** विगत 04 जून से 07 जून तक मेसर्स टी.यू.व्ही. नॉर्ड द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र का इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम (एकीकृत प्रबंधन प्रणाली) का पहला सर्विलांस ऑडिट किया गया। सफल ऑडिट के उपरान्त बीएसपी को प्राप्त इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम आईएसओ सर्टिफिकेट को 2023-26 तक की अवधि के लिए पुनः प्रमाणन दिया गया। ऑडिट के पहले दिन 4 जून को कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार की अध्यक्षता में ऑडिट किये जाने वाले संबंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक और वरिष्ठ अधिकारी ने, ऑडिटर्स के साथ बैठक में सम्मिलित हुए। कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार की अध्यक्षता में ऑडिट के अंतिम दिन 7 जून को आयोजित बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में ऑडिटर्स द्वारा संयंत्र, टाउनशिप और माइंस में किये गए ऑडिट का ब्यौरा और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

**एक नजर**

## रोजगार कार्यालय में 18 एवं 19 जून को प्लेसमेंट कैम्प

**राजनांदगांव 14 जून।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 18 एवं 19 जून 2024 को सुबह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड के 350, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50, लेबर के 100 एवं शिक्षक के 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक आवेदक शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो, रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

## पर्यावरण बचाने हनुमान चालीसा 24 को



**रायपुर, 14 जून।** मजदूर सेवा समिति द्वारा बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम लिए पूर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर के समक्ष सद्बुद्धि प्राप्त हो इस हेतु हनुमान चालीसा पाठ 24 जून को पर्यवरण संरक्षण मंडल कार्यालय टाटीबंध में किया जायेगा। लगातार पर्यावरण विभाग की निष्क्रियता को देखते हुए मज़दूर सेवा समिति को आये दिन उरला, सिलतरा, बिरगांव, बोरझरा, की जनता से शिकायत मिल रही है कारखाना/फैक्ट्री द्वारा दूषित हवा, पानी, वातावरण, को प्रदूषित किया जा रहा है जिस पर अध्यक्ष अजय चकोले ने पूरे क्षेत्र का निरंतर दौरा करके लोगों से मिल कर यह पाया कि पिछले काफी समय से प्रदूषण विभाग के उच्च अधिकारी की मिलीभगत से आज तक वहां के रहवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## जिले में की जा रही है विशेष रात्रि कॉबिंग गश्त



**राजनांदगांव 14 जून।** 12 जून को पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में ए.एस.पी. मुकेश ठाकुर (ऑपस) एवं ए.एस.पी. राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था कि शहर के सभी थाना/चौकी प्रभारी एवं उनके स्टाफ तथा रक्षित केन्द्र के बल को फालीन कर अपराधियों पर नकेल कसने हेतु और चोरी की घटना बढ़ने के संभावनओं को देखते हुए अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि पेट्रोलिंग, पोइन्ट ड्यूटी एवं कॉबिंग गश्त के संबंध में विस्तार से ब्रीफ कर शहर भ्रमण कर संदिग्धों से पूछताछ करना, गुंडा बदमाश निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वो पर सतत् निगाह रखने व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव द्वारा स्वयं थाना प्रभारी कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, ओपी चिखली तथा रक्षित केन्द्र व उनके बल को महावीर चौक राजनांदगांव में ब्रीफ कर उनके साथ शहर के गली मोहल्लों, चौक चौराहों में कांबिंग गस्त किया गया तथा गुंडा बदमाश, रात्रि में मोटरसायकल से घूमते आवारागर्दी करते लड़कों निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वों को रोक कर पूछताछ एवं तलाशी की गई। इसी प्रकार जिले के सभी अनुविभाग/थाना क्षेत्रों में एस.डी.ओपी. एवं थाना प्रभारीगण अपने दलबल के साथ रात्रि कॉबिंग गस्त किये और आसामाजिक तत्वों और रात्रि में अनावश्यक घुमने वाले मंचलों को रात्रि में घर पर रहने की समझाईश दी गई। कॉबिंग गस्त के माध्यम से आमजनों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है और गुंडा बदमाशों में भय का माहोल बना रहेगा।

## भाजपाइयों ने किया सांसद संतोष पांडे का जोरदार स्वागत



**छुरिया 14 जून।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से दूसरे बार सांसद चुने जाने पर भाजपा मंडल छुरिया द्वारा भव्य स्वागत किया गया । बीते लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को करारी हार का सामना करना पड़ा है । चार जिले से बने इस लोकसभा में राजनांदगांव विधानसभा से पांडे को काफी लीड प्राप्त किए है । भारतीय जनता पार्टी मंडल छुरिया के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने मां दंतेश्वरी मंदिर के पास सांसद पांडे का जोरदार जोशीला स्वागत किया गया, श्री पांडे ने मां दंतेश्वरी माता जी के दर्शन कर रैली के माध्यम से जनपद सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए,कार्यक्रम की शुरुवात भारतीय जनता पार्टी के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी, डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, मां भारती के तैल चित्र पर अबीर,गुलाल लगाकर किया गया,उपस्थित मंडल पदाधिकारियों ने सांसद सहित समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया । कार्यक्रम में स्वागत भाषण अजय पटेल मंडल अध्यक्ष ने दिया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री पांडे ने कहा कि ये जीत कार्यकर्ताओं की है,कार्यकर्ताओं की मेहनत से मुझे दूसरी बार सांसद बनने का मौका मिला है,ये अवसर कार्यकर्ताओं के लिए समर्पित रहेगा । उक्त कार्यक्रम को भरत वर्मा प्रदेश महामंत्री,रविंद्र वैष्णव जिला महामंत्री,चंद्रिका प्रसाद डडसेना जिला उपाध्यक्ष,एम डी ठाकुर,गीता साहू जिला पंचायत अध्यक्ष,किरण वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया,जगजीत सिंह भाटिया ने भी संबोधित किया । इस अवसर पर मुख्यरूप से सुरेंदर सिंह भाटिया,संजय सिन्हा,खिलेश्वर साहू,शेखर भरतद्वाज,राधेश्याम शर्मा,सीमा सिन्हा, धन्ना यादव,भुनेश्वर साहू,घासी साहू,मिथलेश दुबे,मयाराम साहू,आलोक मिश्रा,कामता साहू,सोहन साहू, भूखन धनकर, प्रिंस भाटिया,मुख्य रूप से मौजूद रहे ।

# राज्य की विकास की गति को तेज करने के लिए मुख्यमंत्री साय ने कई बैठकें ली

### खेती किसानी से जुड़े अपनें अनुभव साझा करते हुए उत्पादकता बढ़ाने दि निर्देश

**रायपुर, 14 जून।** आचार सहिंता की अवधि समाप्त होने के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य के विकास की गति तेज करने के लिए आज से विभिन्न विभागों की मैराथन समीक्षा बैठकें लेनी शुरू कर दी। आज उन्होंने कृषि से संबंधित विभागों से इसकी शुरूआत करते हुए अधिकरियों से उनकी तैयारियों के संबंध में जानकारी ली और खेती किसानी से जुड़े स्वयं के व्यवहारिक अनुभवों को भी साझा किया। श्री साय स्वयं भी कृषक है और उनका परिवार अपनी आजीविका के लिए मुख्य रूप से खेती किसानी पर ही निर्भर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छे परिणाम के लिए पूरी पारदर्शिता और तत्परता के साथ काम किया जाना अनिवार्य है।



मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हमें इस तरह के कदम उठाए जाने की आवश्यकता है, जो किसानों को उनकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रेरित करें। परंपरागत खेती में हर आवश्यक सहायता उन तक तत्परता से पहुंचाने के साथ-साथ आधुनिक खेती और देश भर में हो रहे नवाचारों से भी उन्हें अवगत कराने की आवश्यकता है। राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठकों में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी है कि किसानों, पशुपालकों और दुग्ध उत्पादकों की आय में बढ़ोत्तरी हो। अधिकारियों को अपने अनुभव बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षा काल में पशुओं को होने वाली बिमारियों की रोकथाम के लिए मुस्तैदी के साथ काम किया जाना आवश्यक है। श्री साय ने पशुधन विकास विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ और मछली पालन विभाग के कार्यो की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पशुपालन, मछली पालन एवं दुग्ध उत्पादन जैसे व्यवसाय किसानों और पशुपालकों के आय का बड़ा स्त्रोत हैं, इनसे जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से निश्चित रूप से किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने पशुधन विकास विभाग की समीक्षा के दौरान के कहा कि प्रदेश में गौवंश की रक्षा और संवर्धन के लिए सभी संभागों के एक-एक जिले में गौ अभ्यारण्य की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों से प्रदेश में पशुधनों की संख्या और वार्षिक दुग्ध, अंडा एवं मांस उत्पादन एवं उपलब्धता की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने प्रति वर्ष प्रति व्यक्ति अंडा, दुग्ध और मांस की आवश्यकता को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ाने जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने वर्षा काल में पशुओं को संक्रामक बिमारियों से बचाने के लिए व्यापक स्तर पर टीकाकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुओं के नस्ल सुधार के लिए चलाई जा रही योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी बल दिया। साथ ही पशुधन विभाग की राज्य और केन्द्र के प्रवर्तित योजनाओं का लाभ भी अधिक से अधिक पशुपालकों तक पहुंचाने को कहा। पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों ने विभाग की आगामी कार्ययोजना और लक्ष्यों के बारे में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि दूध और दुग्ध उत्पादों की बिक्री एवं दूध उत्पादन करने वाले किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए समुचित उपाए किए जाएं। उन्होंने दुग्ध महासंघ के ब्रांड देवभोग की बिक्री और आमदनी बढ़ाने के लिए आउटलेट की संख्या में वृद्धि और अन्य विकल्पों के लिए भारतीय प्रबंध संस्थान से विस्तृत अध्ययन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए अच्छी मार्केटिंग और ब्रांडिंग जैसी व्यवसायिक पद्धतियों का सहारा भी लिया जाए।

# केन्द्रीय टीम ने वनांचल नगरी में जल संरक्षण और विकास कार्यों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 14 जून।** केन्द्रीय टीम के दो सदस्यीय दल ने आज दूसरे दिन जिले के वनांचल नगरी विकासखण्ड के ग्राम पीपरहीभर्री का निरीक्षण किया। इस दौरान शासन की योजनाओं के तहत प्रधानमंत्री आवास निर्माण, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, उच्च शिक्षा, कुपोषण, आजीविका इत्यादि कार्यों के बारे में जानकारी ली। साथ ही पीपरहीभर्री में किसान द्वारा तैयार किए जा रहे मिश्रित फलोद्यान का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से बातचीत की। बताया गया कि 17 किसानों को वनाधिकार पट्टा मिला है और मिट्टी का परीक्षण हुआ है, यहां पौधरोपण किया जा रहा है। इसके साथ ही 10 डबरी, 5 तालाब और 12 नग डाईक बनाए गए हैं। सभी का किसान क्रेडिट कार्ड बना है और भूमि सुधार किया गया है। इसके अलावा बच्चों में कुपोषण दूर करने यहां आंगनबाड़ी केन्द्र भी संचालित है। साथ ही कमार परिवारों को रोजगार मुहैय्या कराया जा रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री जनमन योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि शासन की विभिन्न योजनाओं से कमार हितग्राहियों को लाभान्ति करना है। यहां 130 बसाहट और 11 सर्कल हैं। इस अवसर पर लता नेताम ने बताया कि लोगों में जागरूकता लाने के लिए नुक्कड़ नाटक कर बैठक ली गई। बरनी बाई ने बताया कि उन्होंने अपनी भूमि का समतलीकरण किया है और



उनके द्वारा दलहनी फसल लिया जाएगा। बीसी सखी संतोषी मरकाम ने बताया कि वे विभिन्न पेंशन, महतारी जतन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा के पौसों का लेनदेन करतीं हैं और नया खाता खोलती हैं। वहीं अंजली मण्डावी ने बताया कि वे स्व सहायता समूह से जुड़कर अन्य महिलाओं को भी समूह से जोड़ लाभान्वित कर रहीं हैं। ग्रामीणों ने कहा कि जनमन योजना से हर घर को लाभ मिल रहा है। इससे सभी लोग जुड़ रहे हैं। विशेष पिछड़ी से पिछड़ी जनजाति बनेंगे। समाज में सुधार हो रहा है। प्रदान संस्था के श्री बेनीपुरी ने बताया कि गांवों में सामुदायिक वनाधिकार पट्टा प्रदाय किया गया है। मटियाबहार के 11 हजार से अधिक हेक्टेयर का वनाधिकार मिला है। इस अवसर पर डायरेक्टर श्री एस.एम.राव ने कार्यो के दौरान आने वाली दिक्कतों के बारे में ग्रामीणों से पूछा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जो लाभ ले रहे हैं, वह सराहनीय है। उन्होंने यह भी कहा कि विकास के लिए शिक्षा निहायत जरूरी है, यह अच्छा प्रयास है। जब सभी मिलकर किसी उद्देश्य के लिए काम करते हैं, तो सफलता जरूर मिलती है।

# लखोली एवं कन्हारपुरी में सफाई निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने लोगों से पानी व सफाई की ली जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 14 जून।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज के सफाई निरीक्षण में लखोली, दुर्गा चौक व सेठी नगर तथा कन्हारपुरी में अधिकारियों के साथ पहुॅच सफाई व्यवस्था देख लोगों से रूबरू हो पानी व सफाई व्यवस्था की जानकारी ली।

लखोली, दुर्गा चौक, सेठी नगर तथा कन्हारपुरी में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर आयुक्त श्री गुप्ता ने हाजरी रजिस्टर की जॉच की एवं अनुपस्थित कर्मचारी के संबंध में जानकारी लेकर वार्ड प्रभारी से सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु में मौसमी बीमारी न फैले उसके लिये नियमित रूप से साफ सफाई करे, सघन बस्ती में पानी जमाव की स्थिति न हो, नाली नालों की नियमित सफाई करे, लोगों को स्वच्छता अपनाने समझाईस देवे। उन्होने तालाब सफाई निरीक्षण के दौरान तालाब के किनारे रखे कचरा हटवाने के निर्देश दिये, जिससे लोगों को नहाने आदि कार्य में सुविधा हो। कन्हारपुरी में मुस्लिम समाज सामुदायिक भवन में शौचालय निर्माण, दुर्गा चौक में साहू समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का जायजा लेकर सामाजिक लोगों के भावना के अनुरूप निर्माण कर समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव से कहा कि अन्य जो भी कार्य है, उसे बारिश के पूर्व जल्द प्रारंभ कराये। सेठी नगर में पानी सप्लाई हेतु टंकी लगाने कार्य का निरीक्षण कर लोगों से पानी के संबंध में जानकारी ली। महिलाओं ने जानकरी देते हुये कहा कि कम प्रेशर के कारण नल में ठीक से पानी नहीं आता लेकिन टंकी लग जाने से पानी की समस्या दूर हो गयी। उन्होंने लखोली, दुर्गा चौक एवं सेठी नगर में आंगनबाडी भवन का निरीक्षण कर बच्चों को दी जाने वाली सुविधा तथा उनके प्रारंभिक शिक्षा के संबंध में आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिका से जानकारी ली। उन्होंने दुर्गा चौक आंगनबाडी भवन में फ्लोरिंग करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा व सुश्री आयुषी सिंह, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू, ,प्र.पटवारी श्री मिलिंद रेड्डी सहित निगम का अमला उपस्थित था।



## अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझाई

**राजनांदगांव 14 जून।** 12 जून को सुबह सूचना प्राप्त हुआ था कि प्रीतम साहू पिता स्व0 रामअवतार साहू उम्र 40 साल साकिन झिटिया की उसके घर में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर दी गई हैं कि सूचना पर तत्काल पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा घटना स्थल पहुंचकर सूचना की तस्दीक की गई। प्रकरण गंभीर होने से श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में सायबर सेल राजनांदगांव एवं पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल का निरीक्षण एवं संदेहियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर मृतक प्रीतम साहू के बडे पुत्र ललित कुमार साहू एवं मृतक की पत्नि हुमेश्वरी बाई साहू द्वारा लगातार प्रीतम साहू द्वारा घर के सदस्यों को शराब के नशे में गाली गलौच कर मारपीट करने एवं परिवार वालों को पूरी जमीन बेचने की धमकी और परिवार वालों को घर से निकालने की धमकी देने से परेशान होकर मृतक के पुत्र ललित कुमार साहू एवं मृतक की पत्नि हुमेश्वरी बाई साहू ने एक महिने पूर्व से प्रीतम साहू की हत्या का प्लान बनाकर दिनांक 11.06.2024 के रात्रि करीब 12-00 बजे मौका देखकर मृतक प्रीतम साहू को खाट में सोता हुआ पाकर आरोपी ललित कुमार साहू ने अपनी मां के साथ घर में रखे लोहे के मुसर से सिर में कई बार लगातार वार कर चोट पहुंचाकर और आरोपी द्वारा अपनी मां हुमेश्वरी से हसिया मंगाकर सिर में एवं पेट में लगातार बार कर और आरोपी ललित कुमार द्वारा गर्दन दबाकर अपनी मां हुमेश्वरी बाई के साथ प्रीतम साहू की हत्या कर दिये।

# चिन्हांकित ग्रामों में जल संरक्षण एवं पौधरोपण के लिए विशेष काम करने की जरूरत: कलेक्टर

**राजनांदगांव 14 जून।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले में खनिज के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के लिए अच्छा कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों को जागरूक करने पर सक्रियतापूर्वक कार्रवाई की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि जिले में जल संरक्षण की दिशा में अच्छा कार्य किया जा रहा है। जल रक्षा मिशन अंतर्गत वाटर रिचार्ज करने के लिए विभिन्न जलीय संरचना का निर्माण किया जा रहा है। जिन ग्रामों में पेयजल की अधिक समस्या अधिक दिखाई दे रही है, ऐसे ग्रामों को चिन्हांकित करते हुए जल संरक्षण एवं पौधरोपण करने के लिए विशेष कार्य करने की आवश्यकता है। 2 हजार हेक्टेयर में खरीफ फसल अंतर्गत मक्का की डिमांड आयी है। वही किसान अरहर, कोदो, कुटकी, मुंगफल्ली लगाने की तैयारी भी कर रहे हैं। खाद एवं बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। राजनांदगांव एवं डोंगरगांव विकासखंड जल की कमी के कारण क्रिटिकल जोन में है, इसलिए हम सभी की जिम्मेदारी है कि जनजागरूकता के लिए कार्य करें तथा जल संरक्षण के लिए ग्रामों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित करें। उद्योगों द्वारा पौधरोपण एवं वाटर स्ट्रक्चर के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चारागाह अंतर्गत सभी विकासखंड में लगभग 63 स्थानों पर भूमि उपलब्ध है, जहां बेहतरीन पौधरोपण किया जा सकता है। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को पौधरोपण के लिए भूमि चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बारिश के पहले गड्ढे खोदकर पौधरोपण की पूरी तैयारी रखें। कलेक्टर ने कहा कि 18 जून से स्कूल खुलने वाले हैं, गणवेश एवं पुस्तके आ गई है। स्कूलों में प्रवेशोत्सव की तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन होना चाहिए। न्यौता भोजन, बच्चों के साल भर की पढ़ाई का रोस्टर बनाएं। उक्त बातें कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने पोट्ठ लईका के तहत गंभीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन करते हुए पौष्टिक भोजन देने तथा अन्य आवश्यक दवाईयां देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गंभीर कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य की लगातार मानिटरिंग करते रहें। स्वास्थ्य जांच, हिमोग्लोबिन परीक्षण, सुपोषण चौपाल एवं अन्य कार्य जारी रहे। इस कार्य की वाट्सएप ग्रुप बनाकर प्रतिदिन बच्चों के स्वास्थ्य की मानिटरिंग करने के निर्देश दिए।



# 20 जून से 28 जून तक खेली जायेगी राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगता

- जिला हॉकी संघ राजनांदगांव की कार्यकारिणी की बैठक
- अगामी माह 21 जुलाई से दूसरी वेस्ट जोन राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी करेगी छत्तीसगढ़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 14 जून।** आज दिनांक 13 जून 2024 दिन गुरूवार को सुबह 11 बजे ठाकुर प्यारे लाल उ.मा.शाला बैठक जी ई रोड में जिला हॉकी संघ राजनांदगांव की आवश्यक बैठक संघ के अध्यक्ष श्री फिरोज अंसारी की अध्यक्षता व सचिव श्री शिवनारायण धकेता की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

सर्वप्रथम संघ के अध्यक्ष ने पिछले कार्यकाल में किये हॉकी के विकास के कार्य की जानकारी देते हुए इस वर्ष भी संघ को जो दायित्व मिले है उसकी जानकारी दी। जिसके तहत स्थानिय खिलाडियों की लीग हॉकी प्रतियोगिता आयोजित करने के लिये चर्चा की गई जिसमें स्पर्धा आयोजित कर जिले की टीम बनाने के लिए सुश्री ऑशा थॉमस और श्री अनुराज श्रीवास्त को जूनियर वर्ग एवं श्री किशोर धीवर व श्री शकिल अहमद को सबजूनियर वर्ग के लिए चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही 5वीं छत्तीसगढ राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता दिनांक 20 से 28 जून 2024 तक सब जूनियर व जूनियर बालक/बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है जिसमें जूनियर वर्ग में आयोजन सचिव अनुराज श्रीवास्तव व सबजूनियर वर्ग का आयोजन सचिव प्रिंस भाटिया को को बनाया गया। टूर्नामेंट का संयोजक नीलम जैन, तथा महेंद्र ठाकुर होंगे।जिला हॉकी संघ के सचिव ने जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व की भॉति इस वर्ष भी हॉकी इंडिया ने 2री जूनियर बालक/बालिका वेस्ट जोन राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी छत्तीसगढ़ को दी है जिसके सुचारू रूप से संचालन एवं अन्य विषयो को ध्यान में रखते हुए किए जाने का निर्णाय लिया गया है । वेस्ट जोन के लिए संचालन समिति के संयोजक श्री भुषण सॉव वरिष्ठ हॉकी खिलाडी को नियुक्त किया गया हैं। आयोजन सचिव फिरोज अंसारी होंगे,जिला हॉकी संघ के बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा निर्णाय लिया गया है कि वर्तमान में चल रहे जिला हॉकी संघ के तत्वधान में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा अन्य पुरस्कार प्रदान किया जाए ,उसी के साथ ही अगस्त माह में सीनियर मार्निग हॉकी प्रतियोगिता 2024 का तथा सितम्बर- अक्टूबर में जिला हॉकी लीग आयोजन किये जाने संबंध में चर्चा की गई। उक्त बैठक में जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष श्री फिरोज अंसारी, सचिव श्री शिवनारायाण धकेता, श्री नीलमचंद जैन,श्री भुषण सॉव, सुश्री ऑशा थामस, श्री गणेश प्रसाद शर्मा, श्री कुमार स्वामी, श्री भागवत यादव, श्री अब्दुल कादिर, श्री महेन्द्र ठाकुर, श्री प्रिंस भाटिया, श्री अनुराज श्रीवास्तव, श्री तुलसी सिन्हा, श्री शकिल अहमद, श्री राजेश निर्मलकर, श्री जावेद खान, श्री किशोर धीवर, श्री अभिनव मिश्रा, श्री आशिष सिन्हा, श्री खुशाल यादव, श्री कृष्णा यादव आदि उपस्थित थें।

वरिष्ठ हॉकी खिलाडी श्री गुरूचरण सिंह भाटिया एवं कु0अनिशा साहू (अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी) के पिता श्री स्व.अगनूराम साहू के आकस्मिक निधन पर उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा 2 मिनट का मौन श्रद्धांजंलि अर्पित की गई।

**समाचार संक्षेप**

## ब्लैक स्पॉट में आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करें: कलेक्टर

**राजनांदगांव 14 जून।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित थे। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिले में ब्लैक स्पाट का चिन्हांकन करने कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों में सुधारात्मक कार्रवाई कर सड़क दुर्घटनाओ में कमी लाई जा सकता है। उन्होंने जिले में चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट की जानकारी और वहां शीघ्र सुधारात्मक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे लगे पेड़ों में रेडियम लगाया जाए, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिले में सड़क किनारे अतिक्रमण होने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका अधिक हो जाती है। इसे हटाने के लिए राजस्व, पुलिस विभाग एवं नगर निगम के अधिकारी टीम बनाकर अतिक्रमण हटाने की संयुक्त कार्रवाई करें। जिससे सड़क दुर्घटना को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समिति सड़क दुर्घटना के कारणों की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें ताकि उन दुर्घटना के कारणों को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों का चिन्हांकन करें जिन स्थानों में अधिक संख्या में मवेशी सड़क पर बैठते हैं। ऐसे स्थानों के आस-पास के लोगों को जागरूक करने कहा। जिससे मवेशी सड़क पर न बैठे। इसके लिए अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने कहा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने दुपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने कहा। बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को हेलमेट का उपयोग, सीटबेल्ट का उपयोग और क्षमता के अनुरूप सवारी के साथ वाहन चलाने के लिए लोगों को जागरूक करने कहा। उन्होंने नाबालिक बच्चों को गाड़ी नहीं देने के लिए अभिभावकों को जागरूक करने कहा। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले में स्कूल खुलने वाले हैं। उन्होंने स्कूल बसों और ऑटो का फिटनेश परीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल बसों और ऑटो में क्षमता से अधिक बच्चे न बैठे, इसके लिए नियमित जांच करने के निर्देश दिए। नियम विरूद्ध स्कूली बस एवं ऑटो के संचालन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में सड़क सुरक्षा के संबंध में बच्चों को जागरूक करें। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि सड़क दुर्घटना के कई कारण हो सकते हैं। सड़क दुर्घटना स्पीड ब्रेकर और डिवाइडर गलत तरीके से बनने पर, अंधा मोड़, झाड़ी, शराब पीकर वाहन चलाने जैसे कारणों से हो सकती है। उन्होंने कहा कि जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

## राजस्व अधिकारी जनसामान्य के हित में करें अच्छा कार्य: राठौर

**राजनांदगांव 14 जून।** संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल उपस्थित रहे। संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने कहा कि राजस्व अधिकारी जनसामान्य के हित में अच्छा कार्य करें और आम जनता के प्रति उनका व्यवहार अच्छा होना चाहिए तथा राजस्व के प्रकरणों का निराकरण समय पर हो। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्या को समझते हुए शीघ्रता से प्रकरणों का निराकरण करें, ताकि उन्हें भटकना नहीं पड़े। पुराने प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समाधान करें। उन्होंने कहा कि अनावश्यक पेशी नहीं बढ़ाएं, इससे आम जनता को परेशानी होती है। कोर्ट में बैठने से पेशी नहीं बढ़ेगी, इसके लिए कार्यालय में बैठने हेतु सोमवार एवं मंगलवार का दिन सुनिश्चित करते हुए राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि पेशी न बढ़े। उन्होंने कहा कि राजस्व के कार्य आम जनता के हितों से जुड़े हुए महत्वपूर्ण कार्य हैं, अपनी इस जिम्मेदारी को गंभीरतापूर्वक पूर्ण करें। पक्षकारों के साथ व्यवहार अच्छा होना चाहिए। इसके लिए सभी एसडीएम अपने अधीनस्थ तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों के कार्यों की अच्छी तरह से मानिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की दिक्कत, प्रशिक्षण की जरूरत एवं मार्गदर्शन के लिए जरूर बताएं। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों का निरीक्षण करने पर लापरवाही होने पर कार्रवाई की जाएगी। संभागायुक्त ने कहा कि सक्रियतापूर्वक एवं सजगतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि राजस्व अधिकारी संवेदनशीलतापूर्वक आम जनता के समस्याओं का समाधान करें। फिल्ड में कार्य करने पर जनसामान्य की समस्याओं की जानकारी मिलेगी तथा निराकरण करने पर विश्वसनीयता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार दौरा करते रहें। राजस्व शिविर के माध्यम से राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटवारी के कार्यों पर नियंत्रण रखें और निर्धारित दिनों में पटवारी को अपने मुख्यालय में उपस्थित होना चाहिए। अपने महत्वपूर्ण कार्यों के लिए आम जनता को भटकना नहीं पड़े। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व के प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए। राजस्व, आपदा प्रबंधन, कानून एवं व्यवस्था, समन्वय जैसे कार्य सुचारू रूप से चलते रहे। कलेक्टर ने नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र जैसे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने कहा। कलेक्टर ने पांच वर्ष से लंबित ऐसे प्रकरणों जिसमें कारण नहीं बताया गया है, उसमें रीडर की एक वेतन वृद्धि रोकने तथा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## संपादकीय

# उपद्रवियों से नुकसान की भरपाई करे सरकार

लोकतंत्र में अपनी बात कहने का सबको हक है, सबको विरोध प्रदर्शन करने का भी हक है। बस शर्त यह है कि विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण होना चाहिए, अहिंसक होना चाहिए, उससे किसी को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। कई बार विरोध प्रदर्शन भारी भीड़ एकत्र हो जाने पर उग्र हो जाता है और भीड में शामिल अराजक तत्व शासकीय संपर्ति्त को जलाकर या तोड़कर नुकसान पहुंचाते हैं। इससे बचने का एक तरीका यह है कि जिन लोगों ने शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, उन लोगों की पहचान सीसीटीवी फुटेज से की जाए और उनसे नुकसान की पूरी वसूली की जाए। जब नुकसान पहुंचाने वाले के घर की संपत्ति को बेच कर नुकसान की भरपाई की जाती है तो अराजक तत्वों का एहसास होता है कि उन्होंने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाकर गलत किया है। यूपी में ऐसा किया गया है तो अब यूपी में कोई शासकीय संपत्ति को नुकसान पहंचाने के पहले सोचता है कि मैं ऐसा करूंगा तो मेरे घर संपत्ति नीलाम कर नुकसान की भरपाई की जाएगी तो वह ऐसी भीड़ का हिस्सा बनने से बचने की कोशिश करता है। बलदाबाजार की घटना के बाद साय सरकार के तीन मंत्रियो ने पत्र वार्ता लेकर इसे राजनीतिक साजिश बताया है तथा शासकीय संपत्ति को जिन लोगों ने नुकसान पहुंचाया उन लोगों से नुकसान की भरपाई की बात कही है। छत्तीसगढ़ में भी यूपी की तरह जब कभी भी कोई शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाता है तो उससे नुकसान की भरपाई सख्ती से करनी चाहिए। इससे अराजक तत्वों में यह संदेश जाएगा कि छत्तीसगढ़ में शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मतलब है कि उसकी भरपाई करनी पड़ेगी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बलौदाबाजार में तोड़फोड़ व सरकारी दफ्तरों में आग लगाने वालों की पहचान की जा रही है और उनको गिरफ्तार किया जा रहा है। इस दौरान जांच करने वालों को यह पता चला है , सबूत मिले हं कि बलौदाबाजार में जो कुछ किया गया है, वह योजना बनाकर किया गया है। इसके पीछे कौन लोग है, कौन से संगठन है, इसकी जांच की जा रही है, इसका खुलासा भी जल्द हो जाएगा। बताया जाता है कि बलौदाबाजार में आगजनी करने के लिए अराजक तत्व पेट्रोल बम लेकर आए थे। छत्तीसगढ़ में आज तक किसी संगठन ने शासकीय कार्यालयों में आग लगाने की हिम्मत नहीं की थी, पहली बार ऐसा किया गया है इससे साफ जाहिर है कि इसके लिए बाहीर लोगों को बुलाया गया होगा। बाहरी और ऐसा करने में कुशल लोग ही ऐसी आगजनी व तोड़फोड़ कर सकते हैं। इस तरह की घटना फिर न हो इसके लिए जरूरी है कि इसके पीछे जो भी हो उसके खिलाफ कडी कार्रवाई करनी चाहिए। विपक्ष ने भी जांच समिति बलौदाबाजार भेज कर साफ कर दिया है कि उसको सरकारी एजेंसियों पर भरोसा नहीं है, बलौदाबाजार घटना का सच जानने का प्रयास विपक्ष की तरफ से भी किया जाएगा, इसका मतलब साफ है कि बलौदाबाजार में हुई घटना को जितनी गंभीरता से विपक्ष सहित सभी संगठनों को लेना था, उन्होंने नहीं लिया और घटना की निंदा तक नहीं की है। ऐसा घटना जब भी होती है तो सबसे पहले तो सभी को इसकी निंदा करनी चाहिए क्योंकि ऐसी घटनाओं से समाज में असुरक्षा की भावना बढ़ती है। मगर ऐसा होता नहीं है,राजनीतिक दल इसकी निंदा करने की जगह सरकार की असफलता को ज्याद हाईलाइट करते हैं ताकि सरकार को इसके लिए जिम्मेदारी ठहराया जा सके। आने वाले दिनों में इस मामले को लेकर सरकार व विपक्ष में आरोप पत्यारोप का दौर चलने वाला है। सरकारी जांच जैसे जैसे आगे बढ़ेगी, राजनीतिक दलों के लोगों के नाम भी सामने आएंग और उनसे पूछताछ भी होगी, उनकी गिरफ्तारी भी होगी तो विपक्ष की जांच समिति जो जांच करेगी उसकी रिपार्ट के आधार पर विपक्ष के पास बहुत कुछ सरकार के खिलाफ बोलने के लिए होगा। जब भी विपक्ष को किसी मामले में अपना नाम आने की आशंका लगती है तो वह यही करता है, सरकार की जांच का समानांतर खुद की समिति से जांच कराता ताकि खुद को निर्दोष व सरकार को दोषी बताया जा सके। कोई भी राजनीतिक दल जब चुनाव हार जाता है तो वह पांच साल यही कहता है कि सरकारी नाकारा है, वह असफल है,सत्ता के लायक नहीं है। यहां कांग्रेस चुनाव बुरी तरह हार चुकी है तो जब भी मौका मिलेगा वह तो यही कहेगी कि सरकार हर क्षेत्र में असफल है और अपनी असफलता छिपाने के लिए वह दूसरों को फंसा रही है। दसरों को गिरफ्तार कर रही है, जेल भेज रही है।

राजनीति

संजय सक्सेना,लखनऊ

# संघ के प्रति कम होता मोदी का समर्पण भाव



लोकसभा चुनाव में बीजेपी की उत्तर प्रदेश में जो फजीहत हुई है,उसका ठीकरा एक-दूसरे के सिर फोड़ने की राजनीति के चलते राज्य में बीजेपी नेताओं के बीच आपसी वैमस्यता और गुटबाजी बढ़ती जा रही है। गुटबाजी का आलम यह है कि यह किसी एक स्तर पर नहीं,नीचे से लेकर ऊपर तक तो दिखाई पड़ ही रही है,इसके अलावा इसकी तपिश से दिल्ली भी नहीं बच पाया है। बल्कि राजनीति के कई जानकार और पार्टी से जमीनी स्तर से जुड़े नेता और कार्यकर्ता भी इस बात से आहत हैं कि अबकी से टिकट वितरण में खूब मनमानी की गई,जिसका खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ रहा है। बात यहीं तक सीमित नहीं है सूत्र बताते हैं कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ भी टिकट बंटवारे के तौर-तरीको से आहत दिखाई दे रहा है। बस फर्क यह है कि यह लोग सार्वजनिक रूप से ऐसा कुछ नहीं बोल रहे हैं जिससे विपक्ष को हमलावर होने का मौका मिल जाये। लोकसभा चुनाव में 80 की 80 सीटें जीतने का दावा करने वाली बीजेपी आधी सीटें भी नहीं जीत पाई। भाजपा की करारी हार के पीछे भले ही कई कारण गिनाए जा रहे हों, पर संघ से दूरी भी एक बड़ी वजह मानी जा रही है।

संभवतः यह पहला चुनाव था, जिसमें भाजपा आलाकमान ने प्रत्याशियों के चयन से लेकर चुनावी रणनीति तैयार करने तक में कहीं भी संघ से विचार विमर्श करना उचित नहीं समझा। ऐसे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी बीजेपी लीडरशिप से मिलने के लिये अपनी तरफ से कोई पहल नहीं की। आमतौर पर चुनाव में जमीनी प्रबंधन में सहयोग करने वाले संघ के स्वयंसेवक इस चुनाव में कहीं नहीं दिखे। जिलों में न तो संघ और भाजपा की समन्वय समितियां दिखीं और न ही चैक-चैराहों से गांव की चैपाल तक में अमूमन होने वाली संघ परिवार की बैठकें कहीं नहीं हुईं। कम मतदान पर लोगों को घर से निकालने वाले स्वयं सेवक भी इस चुनाव में कहीं नहीं दिखे।

खैर,जिस तरह से संघ और बीजेपी के बीच दूरियां बढ़ रही हैं, उसके केन्द्र में कहीं न कहीं बीजेपी आलाकमान और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नजर आ रहे हैं। मोदी के पीएम बनने के बाद पिछले दस वर्षो में यह दूरियां काफी तेजी से बढ़ी हैं। संघ से जुड़े कुछ बड़े स्वयं सेवकों के अनुसार इसकी मुख्य वजह पार्टी और सरकार द्वारा कोई भी निर्णय लेने के दौरान संघ परिवार के संगठनों के साथ संवादहीनता बनाये रखना। माना जाता है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के बयान ने कि भाजपा अब पहले की तुलना में काफी मजबूत हो गई है। संघ और भाजपा के बीच की खाई को और चैड़ा करने का काम किया। संघ के कुछ पदाधिकारी कहते हैं कि संघ अचानक तटस्थ होकर नहीं बैठा। 2019 के लोकसभा चुनाव में मिले परिणामों के बाद आत्ममुग्ध भाजपा ने अपने सियासी फैसलों में संघ परिवार को नजरअंदाज करना शुरू कर दिया था। केन्द्र की मोदी सरकार और भाजपा की कुछ राज्य सरकारों ने संघ परिवार की अनदेखी कर एक के बाद एक कई ऐसे फैसले कर डाले, जिनसे संगठन की साख और सरोकारों पर विपरीत प्रभाव पड़ना लाजिमी था, इसलिए संघ ने भी अपनी भूमिका समेट ली।

संघ और बीजेपी के बीच की खाई इस साल की शुरूआत से ही गहराने लगी थी। अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर भी कुछ मतभेद उभरे थे,जो लोकसभा चुनाव में टिकट वितरण में बीजेपी की मनमानी के चलते और गहरा गया। परिणाम स्वरूप उत्तर प्रदेश में भाजपा को तगड़ा झटका लगा, वहीं इंडी गठबंधन को बड़ी ताकत मिली। यूपी में जो एनडीए 2019 में 64 सीटें जीतने में सफल रहा था, वह 2024 में 36 सीटों पर सिमट गया। यानी पांच साल में सीधे 28 सीटों का नुकसान,जबकि बीजेपी सभी 80 सीटें जीतने का दावा रही थी। वहीं इंडी गठबंधन मतलब सपा-कांग्रेस जो 2019 के चुनावों में 6 सीट जीत सके थे, उन्होंने इस बार 43 सीटों पर परचम लहरा दिया। बात दें 2019 का चुनाव सपा-बसपा मिलकर लड़े थे,वहीं कांग्रेस अकेले मैदान में कूदी थी,जिसमें सपा की पांच और कांग्रेस की एक सीट पर जीत हुई थी,इस तरह आज का इंडी गठबंधन 2019 में छहः सीट जीत पाया था। दस सीटों पर बसपा का कब्जा हुआ था। भाजपा के इस बेहद खराब प्रदर्शन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नाराजगी को बड़ा कारण माना जा रहा था। इसी क्रम में हाल ही में दिये गये आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान को भी जोड़कर देखा जा रहा है।

अतीत के पन्नों को पलटा जाये तो बात जुलाई 2021 की है। करीब 6 महीने बाद यूपी में विधानसभा चुनाव 2022 होना था। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ जमीनी स्तर बीजेपी को मजबूती प्रदान करने के लिये पूरी तरह से मैदान में डटा हुआ था। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले यूपी विधान सभा चुनाव 2022 के चलते नागपुर छोड़कर लखनऊ में प्रवास करने लगे थे। उन्हें लखनऊ में रहकर प्रदेश के राजनीतिक माहौल को मजूबत करने के मिशन पर लगाया गया था। वहीं भैया जी जोशी राम मंदिर निर्माण प्रॉजेक्ट के संरक्षक थे। इस दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और प्रभारी राधा मोहन सिंह ने लखनऊ प्रवास में संघ के अहम नेताओं के साथ बैठक की थी। जिसमें 2022 के चुनाव को लेकर संघ ने फीडबैक दिए थे। इसमें सत्ता विरोधी लहर की चुनौती से निपटना, कार्यकर्ताओं से नाराजगी को दूर करना, प्रत्याशियों को लेकर जनता में रोष आदि कंट्रोल करने का संदेश था।सब कुछ ठीकठाक चल रहा था।

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव चरण दर चरण आगे बढ़ा तो आरएसएस का ये सहयोग जमीन पर दिखाई देने लगा। भाजपा को एंटी इनकमबैंसी का जो नुकसान हो रहा था, उसे संघ ने हर विधानसभा में 400 से 500 छोटी बड़ी बैठकें कर पाटने का काम किया। वोटरों को जागरूक करना उन्हें बूथ तक भेजने का काम किया गया। संघ की प्रांत टोली, विभाग कार्यवाह, प्रचारक जिलों के समन्वयक, विधानसभा के समन्वयकों से सीधा संवाद किया गया। इस पूरे आयोजन में भाजपा के प्रभारी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री गवाह रहे। इस पूरी कवायद का नतीजा यह निकला कि भारतीय जनता पार्टी ने पूर्ण बहुमत के साथ दोबारा यूपी में सरकार बनाने का इतिहास रच दिया। योगी ने दोबारा सत्ता संभाली और संघ वापस अपने काम की तरफ लौट गया।

परंतु दो साल बाद लोकसभा चुनाव 2024 में परिस्थितियां एकदम बदल गईं। जनवरी में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से भाजपा आत्मविश्वास के लबरेज दिखाई दी। मोदी का चेहरा और राम मंदिर का श्रेय के साथ पन्ना प्रमुख तक फैल चुका पार्टी का संगठन देख पार्टी के नेता ये मानकर चल चुके थे कहीं कोई दिक्क्त नहीं है। बता दें हर लोकसभा चुनाव से पहले आरएसएस के कार्यकर्ता हर लोकसभा क्षेत्र दजर्नों बैठकें कर लेते हैं। जनता क्या सोच रही है, प्रत्याशियों के बारे में उनका क्या ख्याल है, सांसद कितना प्रभावी है, मुददे कौन कौन से हैं, सत्ता विरोधी लहर कितनी है आदि का पूरा फीडबैक संघ के पास होता है। ये किसी भी राजनीतिक दल से ज्यादा सटीक माना जाता है। संघ से समय-समय पर फीडबैक भी तमाम माध्यमों से बीजेपी नेताओं को दिया जाता रहा है। इस बार भी परिस्थितियां प्रतिकूल होने का फीडबैक था लेकिन बीजेपी नेताओं ने इस पर गौर ही नहीं किया। परिणाम यह निकला की बीजेपी यूपी और दिल्ली दोनों जगह कमजोर हो गई।

मोदी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बीच की दूरियां कैसे बढ़ी। इस सवाल का जबाव खंगाला जाये तो पता चलता है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भाजपा सरकार और खासकर नरेंद्र मोदी से बेहद खफा है।संभवता इसी लिये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत या कोई बड़ा पदाधिकारी मोदी के शपथ ग्रहण में शामिल नहीं हुआ था। इसी के बाद सरसंघचालक मोहन भागवत का बयान सामने आया, जिसमें उन्होंने नरेंद्र मोदी का नाम लिए बिना कहा कि सच्चे सेवक में अहंकार नहीं होता और वह दूसरों को कोई चोट पहुंचाए बिना काम करता है। इसी प्रकार एक हकीकत यह भी है कि मणिपुर हिंसा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वहां नहीं गए थे। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मणिपुर में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा पर अपने तरीके से विचार प्रकट करते हुए कहा कि विपक्ष ने चुनावों में आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जानबूझ कर मणिपुर की अनदेखी की। मणिपुर का जिक्र करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि हर जगह सामाजिक वैमनस्य है। यह अच्छा नहीं है। पिछले एक साल से मणिपुर शांति का इंतजार कर रहा है। कुल मिलाकर बीजेपी और संघ के बीच पहली बार इतनी गहरी खाई देखी जा रही है। सबसे खास बात यह है कि केन्द्र की सत्ता पर काबिज होने से पहले तक मोदी की पहचान एक सच्चे स्वयं सेवक के रूप में होती थी।वह संघ का हर फैसला बिना किसी तर्क वितर्क के मानते थे। ऐसा क्या हुआ जो मोदी का संघ के प्रति समर्पण भाव कम हो गया है,इसका जबाव जल्द नहीं तलाशा गया तो इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।

## कहिनी : मया के बंधना

मेष राशि :आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप किसी काम के बारे में नए सिरे से सोच सकते हैं। मार्केट में किसी तरह का निवेश करने जा रहे हैं, तो पूरी तरह से रिसर्च के बाद ही निवेश करें। इससे आपको फायदा मिलेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लंबे समय के बाद खुद को तरो-ताजा महसूस करेंगे। दूसरों का सहयोग करने से आज सबके बीच आपकी अच्छी छवि बनी रहेगी। जो छात्र कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए तैयारी कर रहे हैं, वो जल्द ही अपनी तैयारियां पूरी कर लेंगे, शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा।

वृष राशिः आज आपका दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। किसी जरूरी काम या मीटिंग की वजह से आपको ऑउट ऑफ स्टेशन या फिर विदेश यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। ऑफिस में आपको पहले की अपेक्षा ज्यादा काम मिल सकता है, लेकिन आप समय रहते सब कुछ अच्छे से निपटा लेंगे। इस राशि के जो लोग स्टेशनरी का बिजनेस करते हैं, उनके लिए दिन ज्यादा लाभकारी रहेगा। आपको काम में ज्यादा तरक्की मिलेगी। पुराने दोस्त से मुलाकात होने के भी संकेत बन रहे हैं, उनके साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। साथ ही उनका व्यवहार आपको सुकून देने वाला रहेगा।

मिथुन राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, उसे समय रहते पूरा कर लें। ऑफिस में आपको किसी बड़े आधिकारी या सहकर्मी का सहयोग मिल सकता है। आज बैंकों से जुड़े कामों का निपटारा करने के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सब लोगों का सहयोग मिलेगा। इनकम के लिहाज से आज का दिन बहुत अच्छा है। आज कार्यक्षेत्र में विस्तार संबंधी कार्यों पर विचार होगा और आपके काम करने का जोश और जज्बा गजब का रहेगा। आज कारोबार से जुड़े महत्वपूर्ण कामों को समय पर निपटाने की कोशिश जल्दबाजी की बजाय गंभीरता और सावधानी पूर्वक करेंगे।

कर्क राशिः आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते कुछ काम पूरे होने से रह सकते है। आज कोई भी जरूरी काम करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से राय जरूर ले लें। आपके दिमाग में खुद-ब- खुद नये-नये आडीयाज़ आते रहेंगे। जो लोग सरकारी नौकरी में हैं, उनके लिए दिन ठीक रहने वाला है। बिजनेस में आगे बढ़ने के लिए आपको किसी की मदद मिल सकती है। परिवार में भाई-बहन के साथ आपके रिश्ते पहले से और बेहतर होंगे। पैसे कमाने के कुछ नए सुझाव आपको मिल सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी।

सिंह राशिः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के जो छात्र विदेश में हायर एजुकेशन के लिए जाना चाहते हैं, वो किसी से इस बारे में राय ले सकते हैं। आज रुपये पैसों के लेन-देन में आपको सावधानी रखने की जरूरत है। किसी को पैसे उधार देने से पहले अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें। आज आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरूरत है। व्यापार में आज अचानक आय के नये स्त्रोत मिलेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। आज कोई भी काम करते समय आपको बुजुर्गों का आशीर्वाद जरूर लेना चाहिये। इससे आपको अपने काम में मदद मिलेगी।

कन्या राशिः आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम जरूर सफल होंगे। जो लोग लंबे समय से अपनी कन्या के लिए वर की तलाश कर रहे हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है, कन्या के लिए आपको सुयोग्य वर मिल सकता है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में भी आपको अच्छी खबर मिल सकती है। आज आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। दाम्पत्य रिश्ते में मधुरता आयेगी। आप उनके साथ किसी ट्रिप पर जाने की प्लानिंग भी बना सकते हैं। आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत है।

तुला राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा। जो लोग टूर एंड ट्रैवल के बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस से जुड़े लोगों को कुछ बड़े प्रोजेक्ट मिल सकते हैं। आज अपनी वाणी पर संयम रखें। आज परिवार का माहौल ठीक रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। ऑफिस में आपको काम में किसी का सहयोग मिल सकता है। बच्चे आज आपसे किसी खिलौने के लिए जिद् कर सकते हैं।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको मन मुताबिक परिणाम मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। किसी के साथ पार्टनरशिप के लिए दिन अच्छा रहेगा। दाम्पत्य जीवन आज बेहतरीन रहने वाला है। बिजनेस में लेन-देन का ख्याल रखें, कोई भी बड़ी डील करने से पहले सब कुछ अच्छे से जांच परख लें। जो महिलाए उद्योग शुरू करना चाहती हैं, उनको परिवार से पूरा सहयोग मिलेगा। कुल मिलकर आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।

धनु राशिः आज आपका दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आपके मन में नये-नये विचार आयेंगे, जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में उतारने में कामयाब रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज आपकी पार्टी आपको कोई बड़ा पद भी दे सकती है। जनता के बीच आपका मान सम्मान बढ़ेगा। जो लोग लोहे के व्यापार से जुड़े हैं, उनके व्यापार में वृद्धि होगी। फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स को कोई काम मिल सकता है। इससे आप खुद के सपनों को पूरा कर पायेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।


मकर राशिः आज आपका दिन ठीक रहने वाला है। किसी सरकारी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है। आज किसी भी तरह की लापरवाही करने आपको बचना चाहिए। जो लोग थोक विक्रेता है, उनको आज विशेष लाभ होगा। किसी दूसरे शहर से सामान मंगवाना हो, तो आज इससे जुड़े निर्णय ले सकते हैं। संपत्ति से जुड़े मामलों में जीवनासाथी का सहयोग मिलेगा। जो लोग घर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, वे लोग आज शिफ्टिंग का कार्य शुरू करवा सकते हैं। अगर मन में कोई बात आपको परेशान कर रही है, तो अपने दोस्तों से इस बारे में बात करें, आपको अच्छा लगेगा।

कुंभ राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज घर और बाहर हर जगह आपकी तारीफ होगी। हर कोई आपसे अच्छा व्यवहार करेगा। आज समाज से जुड़े कार्यो को करने के लिए दिन उत्तम है। आप किसी एनजीओ की शुरुआत या किसी सामजिक संगठन से जुड़ सकते हैं। आज ऑफिस में काम करने में आपका कोई सानी नहीं होगा। आपके जूनियर भी आपसे काम सिखना चाहेंगे। किसी काम के लिए आपको ऑफिस में अवॉर्ड भी मिल सकता है। छात्रों को आज किसी प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा।

मीन राशि : आज आपका दिन अच्छा बितेगा। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को आज सफलता मिलेगी। आपको किसी बड़े ग्रुप से जुड़ने का मौका मिलेगा। आज ज्यादा से ज्यादा समय आप अपने घर वालों के साथ गुजार सकते हैं। आप सबके साथ कहीं घूमने जाने का प्लॉन भी बना सकता हैं। आज धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आप किसी धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा बन सकते हैं। किसी प्रोडेक्ट की मार्किटिंग के लिए भी दिन अच्छा है। आपकी पदोन्नति के योग भी बन रहे हैं।

## कहिनी : मया के बंधना

डॉ. दीक्षा चौबे



राधे भइया ल आत देखिस त सुरेश हर अपन आप ल रोक नई पाइस अउ दूरिहा ले दउड़त आके ओला पोटार के रो डारिस। दुनों भाई के मया ल देख के अस्पताल के जम्मो आदमी उंखरे डाहर देखे लागिन।

सुख के समय म कतको नाते रिश्तेदार आ जाथें फेर बिपत काल म जउन संग दय उही सच्चा रिश्ता ए आज कई बरस बाद सुरेश हर ए बात ल समझिस।

भइया के पाछु-पाछु भउजी अउ घर के बड़ पुराना नौकर रामा अब्बड़ अकन जिनिस फल दूध धरे आत रिहिन। ह्लकइसे हे छोटकी बहु- भउजी हर पूछिस त सुरेश के आँखी ले आँसू नदिया कस बोहाय लागिस। सब्बो झन ल धर के वार्ड म अपन पत्नी शोभा तीर लेगिस जेखर एक ठिन दुर्घटना म हाथ गोड़ टूट गे रिहिस । ह्लजिनगी हर बाँच गे ए भगवान के बड़ किरपा हे। जा बजरंगबली के मंदिर म नरियर चढ़ा देबे। ह्ल

ह्लअब हमन आगे हन छोटे तैं कुछु फिकर झन करह्ल

मोला गुस्सा ए बात बर हे के तैं हमन ला बेगाना समझे। दूसर के मुँह ले हमन बहुरिया के एक्सीडेंट ल जानेन। तैं तुरते खबर करते त तोला अतेक दुख भोगे बर नई पड़तीस । ले अब कुछु नई होवय जा तोर भउजी अउ रामा ल घर लेग जा ओहर सब झन बर रोटी राँध के भेज दिहि अउ लइका मन ल तको सँभाल लिही।ह्ल

भइया के आय ले मानो सुरेश के मुड़ ले पथरा बरोबर बोझ उतर गे रिहिस। अतेक दिन ले अस्पताल अउ घर दुनों के बीच म ओहर चकरी कस भटकत रिहिस फेर भइया संग अपन दुर्व्यवहार ल सुरता कर के ओखर हिम्मत नई होइस के ओला अपन दुख बतातीस।

शहर म मित्र त बहुत बनाइस फेर संकट म जमो मुँह फेर दिन।

भइया अउ भउजी घर अउ अस्पताल दुनो सम्भाल लिन। भइया हर शोभा के ऑपरेशन के खर्चा ल तको सँभाल लिस। जब भइया आघु म रहय ओहर भइया ले आँखि नई मिलावय जब नई रहय त बचपन ले लेके जवानी तक सब्बो जुन्ना गोठ मन ल सुरता करय।

भइया अउ ओखर बीच म दु ठिन बहिनी घलो रिहिन तेमन दुनो अपन-अपन ससुराल म खुशी-खुशी रहिथें। भइया अउ सुरेश के बीच म छह बरस के अंतर होय के सेतिर ओहर अब्बड़ डेरावय। भइया हर शुरूच ले माँ बाप के रहिते म घर अउ खेत सँभाले के अपन

जुम्मेदारी निभाइस। बाबू(पिताजी) के मरे के बाद सब्बो भाई बहिनी ल देना लेना बहुत सोच समझ के करीस।

सबके बिहाव तको करीस। सुरेश के नौकरी रायपुर शहर के बैंक मा लगगे। तिहार परब मा उमन गाँव जावय। लइका बच्चा होय के बाद उंखर पढ़ई लिखई

चालू होइस तहँ उंखर गाँव जवई कमती होय लगिस।

एक घ शोभा हर कहीसझ्ह्ल कतेक दिन हमन किराया के घर मा रहिबो जी। गाँव के खेत के बंटवारा मांग लव अपन भाई से अउ तह उही पइसा म हमन इहाँ घर बिसा लेबो। धान ल हर साल बेचथे भइया हर फेर कतका पइसा मिलास कभू हमन ल बतावय नहीं तेखर ले बंटवारा करके अपन-अपन हिस्सा के देखतेनह्ल

ओहर बड़ हिम्मत करके भइया ल ए गोठ किहिस झ भइया हर अब्बड़ रिसाइस। तुमन बने बनाय जिनिस ल झन बिगाड़ करव। घर लेना हे त अपन नौकरी के कमाई

ले बचत कर के लव। खेत खार के बेचे के गोठ झन कर।मोला बंटवारा देहे म कुछु हरज नइहे फेर तैंहर दूसर मन के बात म आके अपन पुरखौती जमीन ल बेच देबे ए मोला मंजूर नइहे। भइगे इही बात हर दुनो भाई के बीच म झगरा के कारन बन गे अउ सुरेश हर रिसिया के गाँव जाय बर छोड़ दिस, भइया संग गोठियाय बर तको छोड़ दिस।

फेर भइया हर ओला नई छोडिस। चाउर, दार ,गेहूं , साग,खाये पिये के जिनिस गाँव ले आते रहय। शहर के महंगाई म अतके हर तको बहुत मदद हो जाय तेखर पाय के उहू कभू कुछु रोकटोक नई करिस अउ जिनगी अइसनहे चलत रिहिस। आज ओहर सोचत रिहिस भइया हर का गलत बोलिस। नौकरी करत-करत खेती बाड़ी करे बर कइसे जातिस। भइया हर जम्मो काज ल करत हे अउ एदे ओखर जरूरत के बखत आके खड़े होंगे । ओला अउ का चाही बेरा बखत म परिवारे हर काम आथे ।उमन जिनगी भर कमा के तको एक एकड़ खेत नई बिसा सकय। बने बनाय जायदाद ल मिटा के अउ बेघर हो जातिस। आज भइया के गोठ हर ओखर दिमाग म हथौड़ा सही परत हे झ जइसनहे जरई ल तीर देबे त पेड़ हर जिंदा नई रहय वइसनहे ए भुइँया हर हमर संस्कार ए, हमर महतारी ए । गाँव म हमर जड़ हे संस्कार,परिवार हे, अपन जड़ ले अलग रहिके कोनो पौधा हर नई जिये सकय।ह्ल सुख साधन , नवा घर आ जाहि फेर परिवार टूटे के बाद नई जुरय। बड़ पेड़ के छाँव सरीख आज भइया हर ओखर परिवार ल अपन मया के छईया म ले लिस अउ ओला ये बड़े संकट ले उबार लिस।

कतको बड़े संकट आथे धीरे धीरे टल जाथे। भइया हर कभू-कभू गाँव जावय अउ आ जाय। भउजी हर लइका मन ल अपन छाती ले लगा के दुलार करिस। बीस बाईस दिन बाद शोभा हर अस्पताल ले घर लहुट के आगे ।भइया भउजी के सेवा ल देख के ओखरो व्यवहार बदल गे। वहू बड़ शर्मिंदा होइस -ह्लका करबे रुपिया घर ले के जब मुश्किल घड़ी म कोनो कंधा देवइया नई रही। हमर आपस मे प्रेम बने रहय यही बहुत हे।ह्ल

जब भइया मन गाँव जाय बर तइयार होइन त सुरेश ल बला के कहीस -ह्ल इलाज पानी के खर्चा अब्बड़ होगे कइके फिकर झन करबे छोटे । अउ कुछु खर्चा होही त बिना संकोच करे मांग लेबे।अतेक साल ले मेंहर धान बेच के तोर हिस्सा ल बैंक म जमा करत रेहेंव। अब तोला इँहा घर लेना होही त बने सही देख लेबे। फेर हमरो मन बर एक ठिन कमरा राखबे। हमू मन कभू-कभू शहर घूमे बर अउ लइका मन तीर रहे बर आबो कइसे जी।

भइया के गोठ सुनके सुरेश अपन आप ल नई थाम पाइस। भइया के छाती ले लइका सही चिपटगे अउ भभर के रो डारिस झ ह्ल मोला माफी दे देबे भइया। बाप सही अड़बड़ मया देस मही गदहा समझ नई सकेंव। मोला ऊंचा उठना हे फेर डोरी ले जुड़े पतंग कस नहीं माटी के भीतर धंसे पेड़ कस बढ़ना हे। अपन संस्कार अउ अपन परिवार ल संग धरके। तैं हमेशा मोर हित बर कहे भइया ।मेंहर तोला गलत समझेंव मोर सब्बो गलती ल भुला देबे भइया।

ह्ल छोटे हर त आज बड़का बड़का गोठ गोठियावत हे देखत हस जी ह्ल भउजी डहर देख के भइया केहे लागिस। भउजी के संघरा शोभा हर घलो मुच ले हाँस डिस । मया के बंधना म जम्मो परिवार पहिली कस बंधा गे राहय।

विशेष लेख

एल.डी.मानिकपुरी, सहायक जनसंपर्क अधिकारी

# साय सरकार के छः माहः छत्तीसगढ़ में उम्मीदों की नई रोशनी फैलाने में सफल

लोकतंत्र में जहां जनता अपने नेतृत्व को वायदे पूरे करने के लिए पांच साल का जनादेश प्रदान करती है। ऐसे में किसी प्रदेश के मुखिया से महज छह माह के समय में इन वायदों को पूरा करने की आशा आमतौर पर बेमानी होती है। लेकिन मन में जज्बा, कुछ करने की लालसा, संवेदनशील प्रयास और समन्वित रणनीति के तहत कार्य किया जाए तो छह माह में भी इतिहास गढ़ा जा सकता है। महज छह माह में किसी भी सरकार के कामकाज का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता इसके बावजूद विष्णु देव साय सरकार जिस तेजी के साथ काम को आगे बढ़ा रही है, निश्चित ही यह एक मिसाल है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए अधिकांश वायदों को पूरा करने के लिए जरा भी वक्त जाया नहीं किया। इसे कुछ इस तरह से समझा जा सकता है। शपथ ग्रहण 13 दिसम्बर 2023 के बाद 15 अप्रैल 2024 यानी 4 माह 02 दिन। 16 मार्च 2024 से 6 जून 2024 यानी 2 माह 21 दिन लोकसभा निर्वाचन की वजह से आदर्श आचार संहिता पूरे प्रदेश में प्रभावशील रही। ऐसे में विष्णु देव सरकार को मुख्यमंत्री बने छह माह जरूर हो चुके हैं लेकिन निर्णय, योजनाओं का क्रियान्वयन, भावी रणनीति को मूतर्रूप देने के लिए उन्हें 4 माह का ही समय मिला है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इन सब के बावजूद अपने सटीक निणर्यों से प्रदेश में एक अलग छाप छोड़ने में सफल हुए हैं। जब हम आधी आबादी की बात करते हैं तब उनकी स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वावलम्बन और सशक्तीकरण के लिए ठोस व दूरगामी रणनीति बनानी पड़ती है। प्रदेश के 70 लाख विवाहित महिलाओं के जीवन में एक नई उम्मीद की किरण महतारी वन्दन योजना से मिली है। ईब से इंद्रावती तक यानी प्रदेश के चारों तरफ विवाहित महिलाओं को हर माह एक हजार रूपए दिए जा रहे हैं और इस तरह चार किश्ते दी जा चुकी हैं। राज्य सरकार द्वारा विवाहित माताओं-बहनों के खाते में राशि देने के पीछे आर्थिक सशक्तीकरण करना, उनके आर्थिक हालात को बेहतर करना प्रमुख उद्देश्य है। दावे और वादे के पक्के मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश के लाखों किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदने की गारंटी को पूरा करते हुए 32 हजार करोड़ रुपए के समर्थन मूल्य की राशि का भुगतान किसानों के खाते में किया गया, वहीं 24 लाख 75 हजार किसानों को कृषक उन्नति योजना के तहत अंतर की राशि 13 हजार 320 करोड़ रुपए अन्तरित की गई। खरीफ सीजन में रिकॉर्ड 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। इसके अलावा किसानों को दो साल के धान के बकाया बोनस राशि 3 हजार 716 करोड़ रुपए देने जैसे साहसिक निर्णय लिए है। मुख्यमंत्री श्री साय संवेदनशील सरकार और किसानों के सरकार के रूप में महज छह माह में ही पहचान बनाने में सफल हुए। आदिवासियों की पीड़ा, संघर्ष, सम्मान और जरूरत को उनसे बेहतर कौन समझ पाएगा! सरकार बनाते ही तेन्दूपत्ता प्रति मानक बोरा 5 हजार 500 रूपए की गई, जिससे 12 लाख 50 हजार से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को लाभ मिल रहा है। कौन नहीं चाहता कि घर के



बुजुर्ग तीर्थ यात्रा करें लेकिन आर्थिक अभाव, सुरक्षा और मार्गदर्शन आड़े आते हैं। ऐसे में विष्णु सरकार की मानवीय पहल यानी रामलला मंदिर दर्शन योजना से मन की मुराद पूरी हो रही है। कोई न सोए भूखे पेट, इस तरह के विचार को अपनी कार्य योजना में शामिल करें तो वह निश्चित ही मानवीय संवेदना ही है प्रदेश के 68 लाख से अधिक गरीब परिवारों को पांच वर्षों तक मुफ्त अनाज देने जैसे निर्णय साबित कर रहे हैं कि सरकार गरीबों के कल्याण को प्राथमिकता दे रही है। खुद का घर, पक्का मकान यह सब सुनने में एक गरीब परिवार के लिए दिन में देखने वाले स्वप्न की तरह होता है। लेकिन इस सपने को सच करने के लिए, 18 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण की दिशा में प्रदेश जोरशोर से आगे बढ़ चुका है। ऐसे में गरीब के सिर में पक्का छत होना यानी सशक्त परिवार और खुशहाल समाज का प्रतीक बनेगा। सरकार में आते ही युवाओं की तकलीफ को समझा और पीएससी परीक्षा घोटाले को लेकर युवाओं के गुस्से और हताशा को समझते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने सीबीआई जांच की अनुशंसा की। शासकीय भर्ती आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट देने से युवाओं के मन में खुशियां देखने को मिली है। जिस बस्तर अंचल की पहचान सुंदर प्राकृतिक परिवेश और अकूत संसाधनों से है तथा यहां के भोलेभाले आदिवासियों की कला संस्कृति ने देश और दुनिया को अपनी ओर खींचा है। इस स्वर्ग को दूषित करने का काम कुछ माओवादी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय के अडिग निर्णय, बेहतर रणनीति का ही परिणाम है कि महज छह माह में 129 माओवादियों को सुरक्षा बलों के जवानों ने ढेर किया है, 488 गिरफ्तार हुए हैं 431 आत्मसमर्पण किया और इस तरह बस्तर की उम्मीद की नई रौशनी देखने को मिलने लगी है।

## एक नजर

### विभिन्न ट्रेडों में दिया जाएगा निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण

**महासमुंद, 14 जून।** जिले में संचालित केंद्र शासन एवं राज्य शासन की विभिन्न कौशल प्रशिक्षण योजनाओं के माध्यम से 18 से 45 वर्ष तक के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार मूलक कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाना है। जिसके तहत् प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत ड्रायविंग, ब्यूटी पार्लर, सिलाई, मोबाइल फोन, हार्डवेयर रिपेयर टेक्निशियन, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन एवं केयर गिवर, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत सिलाई, कम्प्यूटर असिस्टेंट, इलेक्ट्रिशियन, ड्रायविंग असिस्टेंट, मोबाइल फोन हार्डवेयर रिपेयर टेक्निशियन, प्रधानमंत्री जन-मन योजनांतर्गत ब्लाऊज मेकिंग, मशरूम उत्पादन एवं बैंबू बेस्ड बास्केट मेकिंग कोर्स, जल जीवन मिशन योजनांतर्गत प्लम्बर कोर्स में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाना है। साथ ही प्रशिक्षण उपरांत युवाओं को रोजगार से जोड़ने एवं स्वरोजगार स्थापित कराए जाने में सहायता की जाएगी। प्रशिक्षण का संचालन लाइवलीहुड कॉलेज बरोंडा बाजार महासमुंद, लाइवलीहुड कॉलेज एक्सटेंसन बिरकोनी में किया जाएगा। जिसके लिए संबंधित कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक युवा जिला कौशल विकास प्राधिकरण जिला पंचायत महासमुंद अथवा लाइवलीहुड कॉलेज बरोंडा बाजार महासमुंद, लाइवलीहुड कॉलेज एक्सटेंसन बिरकोनी में आवेदन जमा कर सकते हैं।

### 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद,14 जून।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 05 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर विकासखंड महासमुंद के ग्राम बावनकेरा के मृतक नेतराम निषाद, पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम राजासेवैयाखुर्द के मृतक कौशल निषाद के निकटतम वारिसान के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सांप के काटने से मृत्यु होने पर विकासखण्ड बागबाहरा के ग्राम कसेकेरा के मृतका राधिका ठाकुर एवं पिथौरा विकासखंड अंतर्गत आग में जलने से मृत्यु होने पर के ग्राम भुरकोनी की मृतका हरिमती व बिजली गिरने से मृत्यु होने पर ग्राम सोनासिल्ली की मृतका मोतिम यादव के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### आयुर्वेद विभाग की योजनाओं का लाभ उठा रहे ग्रामीण

रायगढ़, 14 जून। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत के मार्गदर्शन में जिले में संचालित सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का संचालन किया जाता है इसी क्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बुनगा विकासखंड पुसौर जिला-रायगढ़ में प्रति माह विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का संचालन कर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आयुर्वेद विभाग की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। डॉ. अजय नायक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी (एम.डी.)द्वारा आस-पास के गांवों में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजन कर जरूरतमंद ग्रामीण लोगों का निःशुल्क उपचार कर औषधि वितरण किया जा रहा है साथ ही साथ आहार विहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या के बारे बताकर लोगों को जागरूक किया जाता है। शिविर के माध्यम से ग्राम रनभाठा में 61, शिड़ाणी में 46, ग्राम बारडोली में 89, बोंदा में 101 एवं ग्राम रायपाली में 74 रोगियों का उपचार किया गया। शासन द्वारा निरंतर पर्याप्त मात्रा में गुणवत्ता युक्त शास्त्रोक्त एवं पेटेण्ट औषधियॉ प्रदाय की जा रही है। डॉ.अजय नायक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी द्वारा अपने संस्था में प्रतिमाह जीवनशैली में बदलाव हेतु सत्र, औषधियों पौधों की जानकारी मितानिन प्रशिक्षण नियमित योगाभ्यास सत्र, एनसीडी स्क्रीनिंग एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन सुचारू रूप से संचालन किया जाता है इसमें संस्था के फार्मासिस्ट भोजकुमार मालाकार, राजेश साव, ग्रहण मैत्री, श्रीमती प्रेमबाई मैत्री, पदमा मेहर, चंद्रिका सिदार, अरूणा चौहान, सरिता गुप्ता, निद्रा साव आदि मितानिनों का सक्रिय योगदान रहता है।

### महिला सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त करती 'महतारी वंदन योजना'

**रायगढ़, 14 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के अगुवाई में प्रारंभ हुई महतारी वंदन योजना आज महिला सशक्तिकरण के नए अध्याय के साथ महिलाओं के जीवन को बदलने में महती भूमिका निभा रही है। प्रदेश सरकार के कार्यकाल को 6 माह पूर्ण हो चुके है। शासन द्वारा 10 मार्च से प्रारंभ हुई योजना से आज रायगढ़ जिले की 3 लाख 6 हजार 299 महिलाएं लाभांवित हो रही हैं। महतारी वंदन योजना ने महिलाओं के आर्थिक सहायता के साथ ही सामाजिक न्याय और परिवार पोषण में सहयोग कर रही हैं । जिससे महिलाओं के आर्थिक व सामाजिक विकास के साथ बच्चों के पोषण स्तर में सुधार सुनिश्चित हो रही है। उल्लेखनीय है कि महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत् सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने हेतु समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में 'महतारी वंदन योजना' प्रारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की वित्तीय सहायता डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में प्रदाय की जा रही है।महतारी वंदन योजना की लाभार्थी विकासखण्ड पुसौर की ग्राम आमापाली निवासी श्रीमती पुष्पा महंत बताती है कि पति मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। पति की मृत्यु के बाद घर की सारी जिम्मेदारी उन पर आ गयी है।

इनके दो पुत्री एवं एक पुत्र है जिसमें बड़ी बेटी मानसिक रूप से अस्वस्थ्य है जो कक्षा चौथी में पढ़ती है। दूसरी बेटी कक्षा दूसरी में पढ़ती है तथा सबसे छोटा बेटा 02 वर्ष का है। जिससे परिवार चलाना एवं इनके स्वास्थ्य और शिक्षा के संबंध में आर्थिक खर्चों का वहन करने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

# शपथ ग्रहण करते ही प्रधानमंत्री ने किसानों व गरीबों के हित में लिए निर्णय:राकेश चंद्राकर



**महासमुंद, 14 जून।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा राकेश चंद्राकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तीसरे कार्यकाल का शपथ लेते ही देश के 9.3 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री सम्मान निधि राशि जारी करने तथा 3 करोड़ पीएम आवास की स्वीकृति देने पर धन्यवाद ज्ञापित किया है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि मोदी सरकार ने लगातार तीसरी बार कमान संभालने के बाद सोमवार को पहला निर्णय किसानों के पक्ष में लिया। शपथ ग्रहण के अगले ही दिन कार्यभार संभालने के तुरंत बाद किसानों के लिए प्रतिबद्धता दिखाते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जारी करने से संबंधित फाइल पर हस्ताक्षर किए गए। योजना की यह 17वीं किस्त है और इसके तहत करीब 20 हजार करोड़ रुपये किसानों में वितरित किए जाएंगे। इस योजना से नौ करोड़ 30 लाख से अधिक किसान परिवार जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 38 लाख से ज्यादा किसान पंजीकृत है। श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी एनडीए की सरकार किसान हितैषी सरकार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ के किसानों के विकास को प्राथमिकता में लेकर काम कर रही है। साय सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए वादों को पूरा करते हुए प्रति क्विंटल 3100 रुपए के भाव से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदनें का वादा निभाया। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के विगत दो सालो के बोनस राशि को भी देकर किसानों का भरोसा जीत लिया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी की गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश के गरीबों और वंचितों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान की है। वहीं प्रदेश की 70 लाख से अधिक माताओं एवं बहनों को महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह 1 हजार रुपए दिए जा रहे हैं। चंद्राकर ने आगे कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसलिए यह उचित है कि कार्यभार संभालने के बाद हस्ताक्षर की गई पहली फाइल किसान कल्याण से ही संबंधित है। पीएम मोदी आने वाले समय में किसानों तथा कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करना चाहते हैं। योजना के तहत देश के पात्र किसानों को तीन समान किस्तों में प्रतिवर्ष छह हजार रुपये दिए जाते हैं। अभी तक 16 किस्तों में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि किसानों के खाते में सीधे हस्तांतरित की जा चुकी है। श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों के समृद्धि एवं विकास के साथ-साथ किसानों के सम्मान के लिए 24 फरवरी 2019 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत की थी।

## नियंत्रण कक्ष 24 घंटे संचालित करने तीन पालियों में कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**महासमुंद,14 जून।** मानसून सत्र 2024 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के लिए कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 20 में जिला आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना 01 जून 2024 से की गई है। आपदा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07723-223305 तथा ई-मेल है। बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर हरिशंकर पैकरा (राहत शाखा), नोडल अधिकारी अधीक्षक भू-अभिलेख प्रमोद कुमार होंगे। जिले में वर्षा काल प्रारंभ से वर्षा काल समाप्ति तक नियंत्रण कक्ष 24 घंटे संचालित रहेगी।

तत्कालीन व्यवस्था के तहत माह जून एवं जुलाई के लिए तीन-तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें 1 से 30 जून तक प्रथम पाली में प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक हिमांशु कुंजाम वर्ग-03, आबकारी विभाग व लिंक कर्मचारी दशरथ देवांगन सहायक वर्ग-03 एवं रामचरण यादव भृत्य, आदिवासी विकास विभाग व लिंक कर्मचारी रामचंद यादव भृत्य, शिक्षा विभाग की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक पुरुषोत्तम ध्रुव वर्ग-03 व लिंक कर्मचारी कन्हैया लाल धीवर सहायक वर्ग-03, स्वास्थ्य विभाग एवं बीरेन्द्र कुमार कुर्रे भृत्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा व लिंक कर्मचारी सूर्यकांत ध्रुव भृत्य, स्वास्थ्य विभाग तथा तृतीय पाली में रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक अजय कुमार रोहिदास कुशल सहायक वर्ग-03, जल संसाधन विभाग व लिंक कर्मचारी ओम प्रकाश ध्रुव सहायक ग्रेड-03 जिला अंत्यावसायी एवं रेवाराम साहू परिचारक चतुर्थ श्रेणी, जल संसाधन विभाग व लिंक कर्मचारी राजेंद्र कुमार देवांगन भृत्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की ड्यूटी लगाई गई है।इसी तरह 1 से 31 जुलाई 2024 तक के लिए माह जून में ड्यूटीरत कर्मचारियों में से लिंक कर्मचारियों का संलग्न के रूप में एवं संलग्न कर्मचारियों का लिंक कर्मचारी के रूप में ड्यूटी लगाई गई है तथा कार्यावधि यथावत रहेगी। नियंत्रण कक्ष वर्षा समाप्ति की अवधि 31 अक्टूबर 2024 तक कार्यरत होगा। संलग्न कर्मचारी के अवकाश में रहने की स्थिति में उनके स्थान पर लिंक कर्मचारी कार्य संपादित करेंगे।

### बीपीएड, डीपीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए विभागीय एवं स्वाध्यायी आवेदकों से आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद,14 जून।** शिक्षा सत्र 2024-25 में शासकीय महिला शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय पेंड्रा जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में बीपीएड/ डीपीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय स्कूलों में कार्यरत इच्छुक नियमित सहायक शिक्षक/सहायक शिक्षक (एलबी)/सहायक शिक्षक पंचायत आवेदन कर सकते हैं। विभागीय के लिए द्विवर्षीय पाठयक्रम बीपीएड में पुरूष व महिला के लिए 05-05 एवं डीपीएड में पुरूष के लिए 10 व महिला के लिए 05 सीट उपलब्ध है। इसी तरह स्वाध्यायी के लिए द्विवर्षीय पाठयक्रम बीपीएड एवं डीपीएड दोनों में ही पुरूषों के लिए 35-35 व महिलाओं के लिए 15-15 सीट उपलब्ध है।विभागीय उम्मीदवारों को डीपीएड के लिए हायर सेकंडरी परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण एवं बीपीएड के लिए स्नातक में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही एनसीटीआई द्वारा निर्धारित अहर्ता मान्य की जाएगी। 01 जुलाई 2024 को न्यूनतम सेवाकाल 3 वर्ष पूर्ण होना चाहिए। विभागीय एवं स्वाध्यायी आवेदक अधिक जानकारी एवं आवेदन पत्र अपने विकासखंड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त कर उसी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकरी केवल विभागीय आवेदन पत्र वरिष्ठता क्रम में तैयार कर 27 जून 2024 तक हार्ड एवं सॉफ्ट कापी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद में जमा करेंगे।

### आयुष्मान कार्ड बनाने गांव-गांव पहुंच रहा प्रशासनिक अमला

रायगढ़, 14 जून। आयुष्मान कार्ड बनाने का काम रायगढ़ जिले में युद्धस्तर पर चल रहा है। ग्रामीण इलाकों में ऐसे हितग्राही जिनका आयुष्मान कार्ड नही बना है उन्हें चिन्हित कर उनके कार्ड तैयार किए जा रहे हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने स्वास्थ्य और पंचायत विभाग का अमला गांव-गांव में दस्तक दे रहा है। यहां शिविर लगाकर जिन लोगों के कार्ड नही बने हैं उसे बनाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से रूट चार्ट तैयार कर शिविर लगाए जा रहे हैं।कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने पिछले दिनों निर्देश देते हुए कहा था कि मुहिम चलाकर जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने का काम पूरा किया जाए। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव लगातार विभागीय समीक्षा कर आयुष्मान कार्ड निर्माण की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। धरमजयगढ़ और लैलूंगा के दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में विशेष रूप से फोकस करते हुए जिले के सभी विकासखंडों में स्वास्थ्य और पंचायत विभाग के अमले अमले द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है।शासकीय अस्पतालों में बनाए जा रहे आयुष्मान कार्डस्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के ऐसे नागरिक जिनका आयुष्मान कार्ड नही बना है ।

## पंचायत की मदद से बुजुर्ग बीमार दंपति का बना आवास




**बीजापुर,13 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत तमलापल्ली के 60 वर्षीय बुजर्ग एवं बीमार हितग्राही पारेंट हन्मैया को वर्ष 2022-23 में प्रधानमंत्री आवास तो स्वीकृत हो गया था किंतु घर में कोई काम में हाथ बटाने वाला नहीं होने के चलते आवास नहीं बनवा पा रहे थे । जिसके कारण पारेंट हन्मैया झोपड़ी में रहने को मजबूर तो थे ही साथ ही उनके मन में विचार आता कि उनका मकान बनाने सामान खरीदी और देख रेख कौन करेगा उससे अच्छा शासन की राशि वापस किया जाना ही ठीक रहेगा। 13 अप्रैल को निरीक्षण के दौरान जब यह जानकारी जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत रमेश नंदनवार को पता चली तो बुजुर्ग दंपति के आवास को बरसात पूर्व अपनी निगरानी में बनवाने के लिए सचिव, रोजगार सहायक को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला सीईओ श्री नंदनवार ने गृह प्रवेश में पहुंचकर रोजगार सहायक सुरेंद्र कोड़े के हाथों आवास का फीता कटवा समय सीमा में कार्य पूर्ण करने उनकी पीठ थपथाई। पंचायत के इस संवेदनशील पहल के लिए सरपंच श्रीमती कमला पोटम, सचिव पी. सदानंदन कि प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी। बुजुर्ग दंपति ने बताया कि वे गरीबी और बीमारी से आई शारीरिक दुर्बलता के कारण आवास नहीं बना पा रहे थे। हमारे आवास को पूर्ण करने में पंचायत सचिव और रोजगार सहायक ने कड़ी मेहनत की। आवास अब पूर्ण हो गया है जिसकी पूजा अर्चना कर गृह प्रवेश किए ताकि बरसात में भय मुक्त रह सके। पारेंट हन्मैया और उनकी पत्नी लक्ष्मी बाई की आंखों में गृह प्रवेश के अवसर पर खुशी के आंसू आ गए। उन्होंने प्रशासन की मदद और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने पर शासन को धन्यवाद दिया। गांव में भी ग्रामीण भी प्रशासन की इस पहल की तारीफ कर रहे हैं।

### कलेक्टर ने किया भैरमगढ़ ब्लॉक का औचक निरीक्षण

**बीजापुर,14 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा भैरमगढ़ ब्लॉक के कुटरु में इंडसइंड बैंक, हॉस्पिटल और तहसील कार्यालय कुटरू का आकस्मिक निरीक्षण किया गया इंडसइंड बैंक के शाखा प्रबंधक को लक्ष्यों की पूर्ति नही करने के वजह से लक्ष्य पूर्ति करने के कड़े निर्देश दिए एवं तहसील कार्यालय में दो कर्मचारी पूर्व सूचना के अनुपस्थित होने के कारण दोनों कर्मचारियों के एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए।इस दौरान ग्राम आकलंका में ग्रामीणों से मूलभूत सुविधा के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक चर्चा भी किए।निरीक्षण के दौरान एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल एसडीएम भैरमगढ़ श्री विकास सर्वे तहसीलदार कुटरु सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रेशर बम विस्फोट से जवान घायल

**बीजापुर,14 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 10/06/2024 को जिला बीजापुर से डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं कोबरा की टीम थाना फरसेगढ़ क्षेत्रान्तर्गत नेशनल पार्क एरिया में अभियान पर निकली थी ।अभियान के दौरान दिनांक 14/06/2024 को थाना मद्देड क्षेत्रार्न्गत ग्राम बन्देपारा के जंगल में माओवादियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर ढ्श्वष्ठ विस्फोट होने से स्पिलंटर लगने से 01बीजापुर ष्ठक्रन्न जवान लच्छु कड़ती को आंशिक चोट आई है । घायल जवान की स्थिति सामान्य एवं खतरे से बाहर है । क्षेत्र में सघन गश्त सर्चिंग जारी है ।

### कूलर और पंखे की व्यवस्था से भीषण गर्मी में भी सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं आंगनबाड़ी केन्द्र

**महासमुंद 14 जून।** जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में भीषण गर्मी में भी बच्चे आनंद और शकून के साथ पढ़ रहे है। एक ओर सुखद वातावरण मिलने से जहां बच्चों की उपस्थिति बढ़ी है वहीं कूलर और पंखे की व्यवस्था से आंगनबाड़ी केन्द्रों में भीषण गर्मी से निजात मिली है। कलेक्टर श्री प्रभात मलिक की पहल से जिले के सभी 1789 आंगनबाड़ी केन्द्रों में 2ात प्रतिशत विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण किया गया है। यहां सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में कूलर और पंखे की व्यवस्था की गई है। इनकी व्यवस्था से बच्चों की उपस्थिति में सुधार देखा जा रहा है। वहीं सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में धुंआ से मुक्ति के लिए गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराया गया है। जहां बच्चों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल रहा है। इस व्यवस्था से आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों के पालक भी खुश नजर आ रहे हैं। महासमुंद के सुशील सैम्युअल वार्ड में संचालित आंगनबाड़ी में पढ़ने वाली सिद्धी देवार की मां श्रीमती लिलिमा देवार ने कहा कि इस साल आंगनबाड़ी में कूलर के लगने से हमारे बच्चे नियमित रूप से आंगनबाड़ी जा रहे हैं। पिछले वर्ष गर्मी में वे आंगनबाड़ी जाने से आनाकानी करती थी। लेकिन इस वर्ष वे खुशी-खुशी आंगनबाड़ी जाती है। इसी तरह नयापारा वार्ड नम्बर 11 स्थित आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले सौरभ धीवर के पिता श्री विष्णु धीवर ने बताया कि इस वर्ष गर्मी थोड़ा अधिक पड़ने से हम लोग चिंतित थे लेकिन आंगनबाड़ी केन्द्र में इस वर्ष कूलर लगने से बच्चों को लू लगने की आशंका नहीं रहती।

## परंपरागत व्यवसायों को भी कौशल विकास प्रशिक्षण के साथ जोड़ें: छिब्बर




**महासमुंद, 14 जून।** नीति आयोग की महानिदेशक (वि.अ.मु.का.) व राज्य नोडल अधिकारी आकांक्षी विकास कार्यक्रम एवं जिले के प्रभारी सचिव निधि छिब्बर ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर आकांक्षी सूचकांकों की प्रगति की समीक्षा की। प्रभारी सचिव छिब्बर ने आकांक्षी जिला के विभिन्न सूचकांकों, स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, कौशल एवं वित्तीय समावेश, बुनियादी ढांचे सहित अन्य क्षेत्रों में किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों की समीक्षा की तथा रैंकिंग में सुधार के लिए और बेहतर प्रदर्शन करते हुए कमियों को दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

छिब्बर ने समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यों की प्रगति सूचकांकों के अनुरूप तीव्र गति से होनी चाहिए। इसके लिए समन्वय स्थापित कर कार्य करने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में जागरूकता बहुत जरूरी है। सिकल सेल जैसे बीमारी को रोकने के बेहतर प्रयास किए जा रहे है, इसकी पहचान करने अभियान चलाकर कार्य किया जाए। कुपोषित बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में सघन मॉनिटरिंग की जाती है, परंतु स्कूल में प्रवेश के पश्चात मॉनिटरिंग धीमी पड़ जाती है। इसके लिए शिक्षक भी आवश्यक प्रयास करें। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए विभिन्न सर्वे रिपोर्ट के अनुसार सुधार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पारंपरिक व्यवसाय जैसे कमार के द्वारा बांस और बसना क्षेत्र में बुनकरों द्वारा संबलपुरी साड़ी का निर्माण किया जाता है उसे कौशल विकास प्रशिक्षण के साथ जोड़ा जाए तथा उत्पादों को बेचने के लिए भी विशेष प्रयास किया जाए। छिब्बर ने कहा कि आकांक्षी जिलों के लिए विभिन्न विभागों के लिए सूचकांक निर्धारित किए गए है। उन सूचकांकों के अनुरूप लक्ष्यों की उपलब्धि हासिल की जानी है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए विशेष रूप से प्रयास करें। साथ ही डाटा एंट्री के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए, ताकि, एंट्री सही तरीके से हो सके। उल्लेखनीय है कि जिले में पिथौरा विकासखंड को आकांक्षी जिला के रूप में चयन किया गया है। छिब्बर ने सूचकांकों के सुधार के लिए जन्म के समय बच्चों के कम वजन को ध्यान में रखते हुए एनआरसी में भर्ती कराने और पोषण ट्रेकर के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग करने कहा है। साथ ही महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य और मितानिनों का बैठक लेने के निर्देश दिए।कलेक्टर प्रभात मलिक ने जिले में चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में बताया कि टीबी मुक्त पंचायत के लिए 292 ग्राम पंचायतों का चयन कर टीबी मुक्त ग्राम घोषित किया गया है। यह आंकड़ा राज्य में सर्वाधिक है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सिकल सेल जांच अभियान में 366801 सिकल सेल परीक्षण किए गए है। जिसमें से 539 मरीजों को दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए है यह भी राज्य में सर्वाधिक है। किशोरी एवं महिलाओं का लगातार एनीमिया जांच किया जा रहा है। जिले में स्वयं के भवन पर 1699 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। इन आंगनबाड़ी केंद्रों में शत प्रतिशत विद्युतीकरण और गर्मी से बचने के लिए पंखा और कूलर की व्यवस्था की गई है। साथ ही समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में गैस व चूल्हा से खाना पकाया जाता है। मरीजों को रिपोर्ट सीधे उनके मोबाईल नंबर के माध्यम से भेजा जा रहा है। प्रतिदिन 200-250 ई-लैब रिपोर्ट मरीजों तक पहुंचाया जा रहा है। इसके अलावा जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ब्लड स्टोरेज की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा अन्य सूचकांक के संदर्भ में भी चर्चा की गई।मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक ने विभागीय गतिविधियों से संबंधित प्रगति एवं लक्ष्य के संबंध में पावर पाइंट प्रेजेंटेशन दिया। बैठक में वनमंडलाधिकारी पंकज राजूपत, अपर कलेक्टर रवि साहू, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास एवं जिले के विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारी उपस्थित थे।

## शिवसेना ने दुर्गकोंदल में किया जनसंपर्क

**भानुप्रतापपुर, 14 जून।** शिवसेना द्वारा आम जनता की समस्याओं को जानने एवं उन्हें दूर करने हेतु ग्राम दुर्गकोदल का दौरा कर आम जनता से जनसंपर्क किया जा रहा है ।एवं आम जनता के बीच जाकर उनकी जल समस्याओं को जानकर उन्हें दूर करने हेतु शासन प्रशासन से मांग किया जा रहा है। एवं जन आंदोलन किया जा रहा है। इसी तारतम में शिवसेना द्वारा दुर्गकोंदल ब्लॉक के ग्राम चीहरों का दौरा किया गया जहां देखा गया कि विगत एक वर्षों से नल जल योजना अंतर्गत पानी टंकी लगा दिया गया है। पाइपलाइन बिछा दिया गया है किंतु उस पाइप लाइन में आज तक एक बूंद पानी नहीं आ रहा है। पाइपलाइन कई जगह से कट गया है । जिसके कारण आम जनता इस योजना का लाभ नहीं ले पा रही है।इसी तरह पैरावारी से चीहरो तक जो सीसी रोड बना है पूरी तरह उखड़ गया है ।इसी तरह चेहरों से जाने वाले रोड में मुरमीकरण, डामरीकरण हेतु क्षेत्र की जनता द्वारा कई बार मांग किया गया है ।किंतु शासन प्रशासन द्वारा कोई नहीं ध्यान दिया जा रहा है। एवं ग्राम में अन्य कई समस्याएं हैं जिसको लेकर के शिवसेना प्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्रा द्वारा मीडिया के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं स्थानीय कलेक्टर से मांग किया गया कि ग्राम पंचायत चेहरों की जन समस्याओं पर तत्काल संज्ञान लेते हुए शासन की महिती नल जल योजना को तत्काल चालू कराया जाए एवं क्षेत्र की सड़कों का मुरमीकरण, डामरीकरण तत्काल करते हुए ग्राम को जन समस्या मुक्त किया जाए ।अन्यथा शिवसेना कार्यकर्ता क्षेत्र की आम जनता को साथ लेकर जन आंदोलन करेंगे।

## न्यायाधीश ने सायबर अपराध से बचने के उपाय बताये



**पत्थलगांव, 14 जून।** सायबर अपराध के बढते मामलो को देखते हुये व्यवहार न्यायालय के न्यायाधीश उमेश कुमार भागवतकर ने ग्राम इंजको मे कार्यशाला का आयोजन किया।उन्होने ग्रामीणो को सायबर अपराध के साथ-साथ चिटफंड कंपनी के संचालको द्वारा धोखाखडी से रकम दोगुनी करने का झांसा देना,नशा मुक्ति,टोनही प्रताडना एवं अन्य प्रकार के अपराधो की रोकथाम पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी। दिन बुधवार को नजदीकी ग्राम इंजको मे न्यायाधीश उमेश कुमार भागवतकर ने कार्यशाला का आयोजन किया,जिसमे सैकडो की संख्या मे गांव के हर वर्ग से लोग मौजुद थे। उनका कहना था कि आदिवासी बाहुल्य ईलाका होने के कारण क्षेत्र के लोग बहुत जल्द ही बाहरी लोगो के बहकावे मे आ जाते है। बाहर से आये लोग यहा के लोगो के भोलेपन का फायदा उठाकर उन्हे साज बाग का सपना दिखाते है। उसके बाद वे यहा के लोगो को मानव तस्करी का शिकार बनाकर दूसरे प्रदेशो मे लेजाकर उनका शारीरिक एवं मानसिक शोषण करते है,जिससे बचने की सख्त आवश्यकता है। उन्होने इस तरह के मामले सामने आने पर व्यवहार न्यायालय या फिर नजदीकी थाना चौकी मे सूचना देने की बात कही। मोबाईल से बढते सायबर अपराध से बचने के भी उपाय बताये। उनका कहना था कि मोबाईल मे अक्सर लोग ठगबाजो के चंगुल मे फंसकर अपनी मेहनत की कमायी गंवा देते है उन्होने मोबाईल धारक लोगो को अनचाहे कॉल से बचने एवं कभी भी अपने बैंक खाते की जानकारी शेयर ना करने की बात कही। साथ ही उन्होने शराब के सेवन एवं अन्य मादक प्रदार्थो से होने वाले दुष्परिणाम के संबंध मे भी अवगत कराया। उन्होने टोनही प्रताडना एवं बाल विवाह जैसी कुरितियों से बचने के सुझाव दिये। ग्रामीण उनके सुझाव से बेहद उत्साहित नजर आये। अनेक ग्रामीणो ने कार्यशाला के दौरान न्यायाधीश से कानून के संबंध मे और अधिक जानकारी प्राप्त करनी चाही।

### मेरा गांव-मेरी जिम्मेदारी के तहत तमनार में क्लीन-ग्रीन विलेज कार्यक्रम आयोजित

रायगढ़, 14 जून। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ के सभी जनपद पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा के तहत क्लीन ग्रीन विलेज सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मेरा गांव-मेरी जिम्मेदारी के तहत तमनार विकास खण्ड में स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण बनाने के लिए क्लीन ग्रीन विलेज कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गांवों को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए लोगों को जागरूक करना और उन्हें स्वच्छता अभियानों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम के तहत गांवों में सफाई अभियान चलाया गया, कूड़ा-करकट निपटान के लिए उचित व्यवस्था के लिए काम किया गया और वृक्षारोपण अभियान चलाए गए। लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए कार्यशालाएं और जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम से गांव के लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है। गांव में सफाई अभियान शुरू हो गया है और पेड़ लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान गांवों के लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली और गांव के गली-मोहल्ले को झाड़ू लगाकर साफ-सफाई किया गया। इस दौरान उन्होंने अनावश्यक उगे घास-फूस की कटाई की। उन्होंने पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से गांवों के विभिन्न हिस्सों में पौधे भी लगाए और पेड़ बनते तक उसकी देखभाल हेतु संकल्प भी लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने जनसामान्य को आग्रह किया कि वे भी अपने आसपास के परिवेश को साफ-सुथरा रखे, कही भी अनावश्यक पानी न जमने दे। जितना साफ-सफाई पर ध्यान देंगे, बीमारियां भी उतनी दूर भागेगी। साथ ही बेहतर जीवन स्तर के लिए अपने आसपास खाली जगहों में जिम्मेदारी पूर्वक पौधे लगाए।

